सनदी लेखाकार अधिनियम 1949,
सनदी लेखाकार (संशोधन) अधिनियम, 2006
के जरिये संशोधित एक सूक्ष्म विवरण।

अधिनियम के बारे में

चार्टड लेखाकार अधिनियम 1949, (No. 38 of 1949) 1 जुलाई 1949 से प्रभाव में आया। जिसे हम सनदी लेखाकार दिवस के रूप में मनाते है।
सनदी लेखाकार (संशोधन) अधिनियम, 1959 के जरिये इसमें कुछ संशोधन किये गये।
47 वर्षो के एक लंबे अंतराल के पश्चात सनदी लेखाकार (संशोधन) अधिनियम, 2006 के जरिये इस अधिनियम में विस्तृत परिवर्तन किये गये। जो 23 मार्च 2006 से प्रभाव में आया।
संपूर्ण अधिनियम को 9 अध्यायों में बॉटा गया है। [सनदी लेखाकार (संशोधन) अधिनियम 2006 द्वारा डाला गया अध्याय VIII A सहित]
विषय वस्तु की संपूर्ण गणना नीचे दी जा रही है :–

अध्याय	I	-	आरंभिक
अध्याय	II	-	इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टड एकाउण्टेंट ऑफ इंडिया
अध्याय	III	-	कॉउंसिल ऑफ इंस्टीट्यूट
अध्याय	IV	-	सदस्यों का रजिस्टर
अध्याय	V	-	दुर्व्यवहार
अध्याय	VI	-	प्रादेशिक काउंसिल
अध्याय	VII	-	दंड
अध्याय	VIII A	-	गुणवत्ता समीक्षा बोर्ड
अध्याय	VIII	-	विविध

अनुसूची :–

दो अनुसूचियॉ है :–

1. प्रथम अनुसूची
2. द्वितीय

1. प्रथम अनुसूची :– प्रथम अनुसूची के 4 भाग है। (सनदी लेखाकार (संशोधन) अधिनियम, 2006 द्वारा डाला गया भाग IV सहित)

भाग I - प्रैक्टिस में सनदी लेखाकार के संबंध में पेशेगत दर्व्यवहार से डील करता है।
भाग II - सेवा में सनदी लेखाकार के संबंध में पेशेगत दुर्व्यवहार से डील करता है।
भाग III- सामान्यत इंस्टीट्यूट के सदस्यों के संबंध में पेशेगत दुर्व्यवहार से डील करता है।
भाग IV- सामान्यतः इंस्टीट्यूट के सदस्यों के संबंध में अन्य दुर्व्यवहार से डील करता है।

2. द्वितीय अनुसूची :–

द्वितीय अनुसूची के 3 भाग है। [सनदी लेखाकार (संशोधन) अधिनियम, 2006 द्वारा डाले गये भाग III सहित]

CA Aseem Trivedi

भाग - I प्रैक्टिस में चार्टड लेखाकार के संबंध में पेशेगत दुर्व्यवहार से डील करता है।
भाग - II सामान्यतः इंस्टीट्यूट के सदस्यों के संबंध में पेशेगत दुर्व्यवहार से डील करता है।
भाग - III सामान्यतः इंस्टीट्यूट के सदस्यों के संबंध में अन्य दुर्व्यवहार से डील करता है।

टीका टिप्पणी :–

प्रारंभ में वास्तविक अधिनियम में मद 'अन्य दुर्व्यवहार' को पारिभाषित नहीं किया गया था। परंतु वर्तमान में इस संशोधन द्वारा 'अन्य दुर्व्यवहार' को परिभाषित किया गया।

प्रारंभ में प्रथम अनुसूची में तीन भाग तथा द्वितीय अनुसूची में II भाग थे।

दोनो ही अनुसूचियों में अन्य दुर्व्यवहार को परिभाषित कर उसे प्रत्येक के एक भाग के रूप में जोड़ा गया है।

अधिनियम के प्रमुख प्रावधान

सनदी लेखाकार से क्या आशय है ?

धारा 2 (1) (b)के अनुसार सनदी लेखाकार से आशय एक ऐसे व्यक्ति से है जो इंस्टीट्यूट का एक सदस्य है। धारा 4 के अनुसार एक व्यक्ति इंस्टीट्यूट के सदस्यों के लिये निर्धारित परिक्षाओं को उत्तीर्ण कर लिया है तथा निर्धारित प्रशिक्षण को पूरा कर लिया है। सदस्यों के रजिस्टर में अपना नाम दर्ज कराने के लिये योग्य है।

धारा 8

सदस्य बनने की अयोग्यताएँ

अधिनियम की धारा 8 के अनुसार एक व्यक्ति का नाम सदस्यों के रजिस्टर में नहीं लिखा जा सकता यदि :–

a) उसने रजिस्टर में अपने नाम के प्रवेश के लिये आवेदन के समय 21 वर्ष की आयु को प्राप्त नहीं किया है।
b) वह अस्वस्थ मस्तिष्क का है, तथा योग्य न्यायालय द्वारा ऐसा निर्णय दिया गया है।
c) वह दिवालिया घोषित किया गया है।
d) वह मुक्त दिवालिया है, तथा न्यायालय से यह प्रमाणपत्र प्राप्त नहीं किया है कि उसका दिवालियापन उसको दुर्भाग्य के कारण है न कि किसी दुर्व्यवहार के कारण।
e) उसे नैतिक दुर्व्यवहार में लिप्त एक अपराध के लिये भारत में अथवा भारत के बाहर दोषी ठहराया गया है अथवा तड़ीपार किया गया है अथवा सजा दी गई है जो तकनीकी प्रकृति का नहीं है जो उसके द्वारा उसकी पेशेवर क्षमता में किया गया हो जब तक कि उसे उसके द्वारा किये गये अपराध के लिये क्षमा प्रदान न की गई हो अथवा उसके द्वारा इस संदर्भ में एक आवेदन पर केन्द्रीय सरकार द्वारा एक लिखीत आदेश के द्वारा उसकी अयोग्यता को न हटा दिया गया हो।
f) पूछताछ में जांच किये जाने पर उसे पेशेवर अथवा अन्य दुर्व्यवहार का दोषी पाये जाने पर इंस्टीट्यूट की सदस्यता से उसे हटाया गया है।

इसके अतिरिक्त यह प्रदान किया गया है कि एक व्यक्ति जिसे एक निर्दिष्ट अवधि के लिये सदस्यता से हटाया गया है उस अवधि की समाप्ति तक रजिस्टर में अपने नाम के प्रवेश के लिये हकदार नहीं होगा।

<u>कब एक सदस्य को प्रैक्टिस में माना जायेगा ?</u>

सनदी लेखाकार अधिनियम की धारा 2 परिभाषित करती है कि इंस्टीट्यूट के एक सदस्य को 'प्रैक्टिस में' माना जायेगा जब व्यक्तिगत रूप से अथवा प्रैक्टिस में चार्टड लेखाकार के साथ वह साझेदारी में प्राप्त अथवा प्राप्त होने वाले पारिश्रमिक के प्रतिफल में –

CA Aseem Trivedi

1) स्वयं को लेखांकन की प्रैक्टिस में लिप्त करता है।

2) वित्तीय सौदा पुस्तकों लेखा अथवा रिकार्ड के अंकेक्षण अथवा सत्यापन अथवा वित्तीय लेखांकन तथा संबंधित विवरण की तैयारी सत्यापन अथवा प्रमाणीकरण से लिप्त सेवा को निष्पादित करता है अथवा स्वयं को सार्वजनिक रूप से लेखांकक दिखाता है।

3) लेखांकन प्रक्रिया अथवा वित्तीय तथ्यों तथा ऑकड़ो की रिकॉर्डिग , प्रस्तुतीकरण तथा प्रमाणीकरण से संबंधित विवरण अथवा सिद्धांत के मामले पेशेवर सेवा अथवा सहायता को प्रदान करता है।

4) इस प्रकार की अन्य सेवाओं को प्रदान करता है जिसे कांउसिल की राय में एक प्रैक्टिस में चार्टड लेखाकार द्वारा प्रदान किया जाता है अथवा प्रदान किया जा सकता है।

व्याख्या :–

इंस्टीट्यूट का एक एसोसिएट अथवा फैलो जो प्रैक्टिस में चार्टड एकाउण्टेंट अथवा फर्म का एक वेतनभोगी कर्मचारी है को आर्टिकल सहायक के प्रशिक्षण के सीमित उद्देश्य के लिये प्रैक्टिस में माना जायेगा।

<u>अभिव्यक्ति ''प्रबंधकीय परामर्श तथा अन्य सेवा'' की परिभाषा को नीचे दिया गया है :–</u>

अभिव्यक्ति ''प्रबंधकीय परामर्श तथा अन्य सेवा'' में –

1. वैधानिक और आवधिक अंकेक्षण।
2. कर (प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष) मामलों से संबंधित प्रतिनिधित्व अथवा सलाह, अथवा।
3. निस्तारक, न्यासी, निष्पादक, प्रशासक, पंचार (arbitration) तथा रिसीवर के रूप में कार्य करना शामिल नहीं है। परंतु निम्नलिखित शामिल है।

I. वित्तीय प्रबंध योजना तथा वित्तीय नीति निर्धारण।

II. पूँजी संरचना योजना तथा वित्त को उगाने संबंधी सलाह।

III. कार्यशील पूँजी प्रबंधन।

IV. परियोजना रिर्पोट तथा संभाव्य अध्ययन को तैयार करना।

V. नकद बजट नकद प्रवाह विवरण, लाभदायकता विवरण, फंड के स्त्रोत। तथा फंड के उपयोग का विवरण।

VI. बजटिंग, पूँजी बजट तथा राजस्व बजट को शामिल करते हुये।

VII. माल प्रबंधन, सामग्री की देख–रेख तथा भंडारण।

VIII. बाजार अनुसंधान तथा मांग अध्ययन।

IX. कीमत निश्चित करना तथा अन्य प्रबंधकीय निर्णय।

X. प्रबंध लेखांकन तंत्र, लागत नियंत्रण तथा मूल्य विश्लेषण।

XI. कार्मिक भर्ती तथा चयन।

XII. कार्यपालक प्रोत्साहन योजना, मजदूरी प्रोत्साहन योजना इत्यादि की स्थापना

XIII. प्रबंधकीय तथा परिचालन अंकेक्षण।

XIV. अंशो तथा व्यापार का मूल्यांकन तथा सम्मिश्रण, विलय तथा अधिग्रहण के संबंध में सलाह देना।

XV. व्यापारिक नीति, निगमित योजना, संगठन विकास, वृद्धि तथा विविधीकरण।

XVI. संगठन संरचना तथा व्यवहार, प्रशिक्षण कार्यक्रम के डिजाईन तथा सॉफ्टवेयर के विकास सहित कम्प्यूटर संबंधित सेवा, तंत्र विशलेषण तथा डिजाईन जिसे अन्यथा प्रैक्टिस में चार्टड अकॉउटेंट द्वारा प्रदान किया जायेगा तथा साथ ही EDP संबंधित किसी अन्य पेशेवर सेवाओं को भी चलायेगा।

CA Aseem Trivedi

XVII. एक निर्गम के सलाहकार अथवा परामर्शदाता के रूप में कार्य करेगा। जिसमें निम्न मामलें शामिल है।

a) प्रविवरण तथा प्रविवरण की महत्वपूर्ण विशेषता वाले एक अनुस्मारक के प्रारूप की फाईलिंग तथा।

स्टॉक एक्सचेंज, कंपनी के पंजीयक तथा सेबी के साथ पूरी करने वाली औपचारिकता तथा सूचीबद्ध समझौते की फाईलिंग।

b) प्रचार बजट की तैयारी (1) विज्ञापन (2) दलालों , निवेशकों इत्यादि की सम्मेलन स्थल (3) निर्गम के बैंकर्स (4) संग्रहण केन्द्र (5) निर्गम के ब्रोकर (6) अभिगोपक तथा उसके प्रबंधन का चयन (7) आवेदन पत्र प्रविवरण तथा ब्रोचर सहित प्रचार तथा निर्गम सामग्री का वितरण तथा उसकी मात्रा पर निर्णय लेना। ऐसा करने में आचार संहिता के प्रासंगिक प्रावधानों को ध्यान में रखना चाहिये।

c) निर्गम से जुड़ी विभिन्न ऐसेन्सी के चयन के संबंध में सलाह देना जैसे निर्गम का पंजीयक, मुद्रक तथा विज्ञापन ऐसेन्सी।

d) निर्गम के बाद की गतिविधियों पर सलाह देना जैसे कार्य से जुड़ी विभिन्न ऐजेन्सी के कार्य अनुगमन चरण (yellow up steps) जिनमें शामिल है प्रलेखों का सूचीकरण तथा प्रमाणपत्रों एवं वापसी का डिस्पेच।

व्याख्या :–

संदेह को दूर करने के लिये यह स्पष्ट किया गया है कि दलाली, अभिगोपन तथा पोर्टफोलियो प्रबंधन की गतिविधियों की अनुमति नहीं है।

XVIII. प्रतिभूतियों के संबंध में निवेश सलाह देना (जैसा प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम 1956 तथा अन्य वित्तीय प्रलेख में परिभाषित है।) ऐसा करते समय आचार संहिता के संबंधित प्रावधानों को ध्यान में रखना चाहिए।

XIX. एक निर्गमन तथा अंशो/अन्य प्रतिभूतियों के हस्तांतरण के लिये पंजीयक के रूप में कार्य करना।

ऐसा करते समय आचार संहिता के संबंधित प्रावधानों को ध्यान में रखना चाहिये।

XX. गुणवत्ता अंकेक्षण।

XXI. पर्यावरण अंकेक्षण।

XXII. ऊर्जा अंकेक्षण।

XXIII. बैंकिंग क्षेत्र में वसूली परामर्शदाता के रूप में कार्य करना।

XXIV. बीमा दलाली को शामिल करते हुए बीमा विनियमक तथा विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1999 के अंतर्गत बीमा वित्तीय सलाहकार सेवा प्रदान करना।

Poser: 01 एक व्यक्ति की श्रेणी क्या होगी यदि उसके पास अभ्यास का प्रमाणपत्र नहीं है लेकिन वह एक लेखांकन के अभ्यास में लिप्त है।

Hint: Deemeb to be in practice sec. 2 (2)

इसके अतिरिक्त धारा 2 में परिभाषित किया गया है कि यदि एक सदस्य अपनी पेशेवर क्षमता में न कि एक व्यक्तिगत क्षमता में और न ही एक कर्मचारी की क्षमता में निम्नांकित कार्य करता है तो उसे प्रैक्टिस में माना जायेगा –

i. एक निस्तारक, निष्पादक प्रशासक, पंचाट अथवा रिसीवर के रूप में कार्य करता है।

ii. लागत, वित्तीय अथवा कराधान मामलों में एक प्रतिनिधि के रूप में कार्य करता है।

iii. केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकार न्यायालय अथवा किसी अन्य कानूनी प्राधिकरण द्वारा की गई नियुक्ति लेता है।

CA Ascent Trivedi

इसीलिये एक चार्टड लेखाकार जो अभ्यास में नहीं है अपने अंकल को सलाह देता है तो यह उसकी व्यक्तिगत क्षमता में माना जायेगा न कि पेशेवर क्षमता में।

धारा – 5

ICAI का फैलो तथा एसोसिएट सदस्य

सनदी लेखाकार अधिनियम की धारा 5 के अनुसार इंस्टीट्यूट के सदस्यों को दो भागों में बॉटा गया है जिन्हें क्रमशः एसोसिएट्स (ACA) तथा फैलो (FCA) कहा जाता है।

कोई भी व्यक्ति जिसका नाम रजिस्टर में दर्ज है उसे इंस्टीट्यूट का एक एसोसिएट सदस्य माना जायेगा तथा अपने नाम के अंत में शब्द ACA का उपयोग करने का हकदार होगा। जो यह दर्शायेगा कि वह संस्था का एसोसिएट सदस्य है।

एक सदस्य एक एसोसिएट होगा,

1. जो भारत में लगातार पॉच वर्षो से कम से कम पॉच वर्षो तक प्रैक्टिस में रहा है चाहे इस अधिनियम की स्थापना के पहले हो अथवा बाद अथवा आंशिक रूप से पहले और आंशिक रूप से बाद में। तथा
2. एक सदस्य जो लगातार ऐसी अवधि के लिये एसोसिएट है जो पॉच साल से कम नहीं है तथा जो इन योग्यताओं पर अधिकार रखता है जो काउंसिल की राय में यह सुनिश्चित करने के लिये निर्धारित की जाती है कि उसके पास वह अनुभव है जो सामान्यतः एक चार्टड लेखाकार को लगातार 5 वर्षो तक प्रैक्टिस करने के पश्चात् प्राप्त होता है।

एक निर्धारित प्रवेश शुल्क का भुगतान कर जो किसी भी दशा में 5000 रू. से ज्यादा नहीं होना चाहिये (संशोधन से पहले 200 रू.) तथा आवेदन करने पर तथा एक निर्धारित तरीके से अनुमोदित होने पर (स्वतः नहीं) रजिस्टर में इंस्टीट्यूट के फैलो के रूप में प्रवेश किया जा सकता है तथा अपने नाम के पश्चात् FCA शब्द का प्रयोग करने का अधिकारी होगा जो इस बात को दर्शायेगा कि वह इंस्टीट्यूट का एक फैलो है।

ठसके अतिरिक्त संशोधन अधिनियम में यह भी प्रदान किया गया है कि काउंसिल केन्द्रीय सरकार का पूर्व अनुमोदन प्राप्त कर 5,000 रू. से अधिक की फीस निर्धारित कर सकती है जो किसी भी दशा में 10,000 रू. से ज्यादा नहीं होना चाहिये।

धारा – 6

प्रैक्टिस का प्रमाणपत्र

अधिनियम की धारा 6 के अनुसार इंस्टीट्यूट का सदस्य भारत में अथवा कही भी प्रैक्टिस का अधिकारी नहीं होगा जब तक की उसने काउंसिल से प्रैक्टिस का प्रमाणपत्र प्राप्त न किया हो।

ऐसे प्रत्येक सदस्य को अपने प्रमाणपत्र के लिये (प्रत्येक वर्ष अप्रैल माह के प्रथम दिन) ऐसे शुल्क का भुगतान करना चाहिये जिसे काउंसिल द्वारा निर्धारित किया गया हो (जो 3,000 रू. से अधिक नहीं हो सकती) यदि काउंसिल 3,000 रू. की निर्धारित फीस से अधिक निश्चित करती है तो उसे पहले केन्द्रीय सरकार से अनुमति लेनी होगी। (इसके पश्चात् फीस को 6,000 रू. तक बढ़ाया जा सकता है।) तथा ऐसा शुल्क प्रत्येक वर्ष के अप्रैल माह के प्रथम दिन अथवा उससे पहले भुगतान किया जाना चाहिये।

धारा 6 की उपधारा (3) के अनुसार, उपधारा (1) के अंतर्गत प्राप्त किया गया प्रैक्टिस का प्रमाण पत्र काउंसिल द्वारा उन परिस्थितियों में रद्ध किया जा सकता है जो निश्चित की गई है।

Q. 01 क्या एक चार्टड लेखाकार जब निर्गमन से संबंधित सेवाओं की संपूर्ण रेंज दे सकता है ?

CA Aseem Trivedi

Answer: परिषद ने यह निर्णय दिया है कि एक अभ्यासरत चार्टड लेखाकार एक कंपनी के निर्गमन से संबंधित सलाहकारी सेवाओं की संपूर्ण रेंज दे सकता है किंतु ऐसी सलाहकारी सेवाओं में शामिल नहीं है –

- दलाली गतिविधियॉ
- अभिगोपन गतिविधियॉ
- पोर्टफोलियो प्रबंध की गतिविधियॉ

Q. 02 क्या एक अभ्यासरत चार्टड लेखाकार बीमा सलाहकारी सेवायें दे सकता है ?

Answer: चार्टड लेखाकार अधिनियम, 1949 की धारा 2 (2) में निहीत शक्तियों के अनुसार, परिषद ने अपनी 245 वीं सभा जो 31 अगस्त 2004 से 2 सितंबर 2004 तक आयोजित की गई थी, में बीमा नियमन तथा विकास प्राधिकरण अधिनियम 1999 के अंतर्गत बीमा वित्तीय सलाहकार सेवाओं को शामिल करने का निर्णय किया गया जिसमें बीमा दलाली का भी समावेश किया है जो कि प्रबंध सलाहकार तथा अन्य सेवाओं की परिभाषा में आती है।

Q. 03 क्या एक बिना अभ्यास वाला चार्टड लेखाकार सेवाएँ प्रदान कर सकता है जहॉ अटेस्टेशन की आवश्यकता नहीं है ?

Answer: एक सदस्य जो कि अभ्यास में नहीं है को ऐसी स्वीकृतियॉ लेने से वंचित कर दिया गया है जो कि सामान्यतः एक चार्टड लेखाकार के लिये सुनिश्चित की गई है यहॉ तक कि ऐसा करने के लिये उसे किसी विशेष योग्यता की भी आवश्यकता नहीं।

Q. 04 क्या एक अभ्यासरत् चार्टड लेखाकार उसका नाम सदस्यों के रजिस्टर में से हटाये जाने के दौरान किसी अन्य क्षमता में कार्य कर सकता है ?

Answer: एक चार्टड लेखाकार, जिसका नाम सदस्यों के रजिस्टर में से किसी पेशेवर अथवा अन्य दुराचरण की वजह से हटाया जा रहा है, तो ऐसी हटाई जाने वाली अवधि के दौरान, विभिन्न कर प्राधिकरण अथवा अन्य निकायों

Poser: 02 मि. X की श्रेणी क्या होगी जिनके पास एक ऑफिस स्थापित करने के लिए अभ्यास का प्रमाणपत्र नहीं है कि वह आंतरिक अंकेक्षण प्रबंध सलाहकार जहॉ उन्हे एक दक्ष चार्टड लेखाकार की क्षमता में किसी भी तथ्यों अथवा ऑकड़ो को प्रमाणित करने की आवश्यकता नहीं।

Hint: अभ्यास में माना जायेगा तथा धारा 6 का उल्लंघन।

Poser: 03 संस्थान का एक सदस्य

धारा – 7

सदस्य जिन्हें सनदी लेखाकार के रूप में जाना जाता है। धारा 7 के प्रावधानों के अनुसार निम्नांकित शर्तो के अधीन एक सदस्य स्वयं को एक सनदी लेखाकार के रूप में डेजीग्नेट कर सकता है।

1. सदस्य जो प्रैक्टिस में हैः–

CA Aseem Trivedi

इंस्टिट्यूट का प्रत्येक सदस्य जो अभ्यास में है स्वयं को एक सनदी लेखाकार के रूप में डेजीग्नेट कर सकता है तथा इस धारा के अनुसार वह अन्य किसी पदवी का प्रयोग करने के लिये प्रतिबंधित है।

तथापि एक सदस्य जो अभ्यास में है, काउंसिल द्वारा अनुमोदित लेखांकन संस्था अथवा लेखांकन इंस्टीट्यूट के अतिरिक्त अन्य संस्था की सदस्यता का संकेत देने वाले पत्र अथवा विवरण का उपयोग कर सकता है जिसमें किसी अन्य पदवी को अपनाना निहीत न हो तथा यह विज्ञापन अथवा प्रचार नहीं है।

उदाहरण के लिये यद्यपि एक सदस्य स्वयं को एक कंपनी सचिव के रूप में डेजीग्नेट नहीं कर सकता यदि उसनें ICAI से COP प्राप्त किया है पर वह अपने नाम के अंत में A.C.S. शब्द का उपयोग कर सकता है ज बवह उस इंस्टीट्यूट का सदस्य है।

2. सदस्य जो अन्यथा कार्यरत हैः–

ऐसा प्रत्येक सदस्य अपने विवके पर सनदी लेखाकार की पदवी का उपयोग कर सकता है परंतु ऐसी पदवी का उपयोग करते समय उसे यह अनुमति नहीं है कि वह अन्य किसी विवरण का प्रयोग नहीं कर सकता है। भले ही वह इसके अतिरिक्त है अथवा इसके स्थानापन्न में है। इंस्टीट्यूट के एक सदस्य को अब यह अनुमति है कि वह अपने नाम के पहले 'CA' शब्द का प्रयोग प्रीफिक्स के रूप में कर सकता है। इस तथ्य के असंगत किवह अभ्यास में है अथवा नहीं।

Poser: 04 क्या निम्नांकित कथन सत्य है ?

प्रत्येक व्यक्ति जो संस्थान का सदस्य बनने योग्य है वह अपने आपको एक चार्टड लेखाकार के रूप में बता सकता है।

Hint: नहीं, केवल ICAI का सदस्य ही अपने आपको CA बता सकता है। (धारा 7)

Poser: 05 प्रत्येक सदस्य चाहे वह अभ्यास में हो अथवा न हो अपने आपको चार्टड लेखाकार के रूप में बता सकता है। विचार दीजिये ?

Hint: हॉ, (धारा 7)

Topic – 2
अनुशासनात्मक प्रक्रिया

ICAI के व्यवसायिक नैतिकता के प्रथम प्रकाशन के अनुसार पेशेवर नैतिकता का व्यवहार मुख्यतः विवेक तथा यह निर्धारित करने का विषय है कि सदस्य यह अंतर तय कर सके कि क्या सही है और क्या गलत।

यहॉ कुछ और भी अनैतिक तथा अनुचित कार्य हो सकते है जिन्हें चार्टड लेखाकार अधिनियम में दुर्व्यवहार के नियमों की सूची में कठोरता से न बताया गया हो।

ICAI की काउंसिल ने यह भी स्पष्ट किया है कि ''जब कभी भी सदस्य का सामना नीतिगत व्यवहार से संबंधित एक विषय के दो अर्थो से होता है एक नीतिगत तथा दूसरा वैधानिक तो उसे किसी एक लचीले/उदार अर्थ के बजाय एक कठोर अर्थ को अपनाना चाहिये, भले बाद वाला पूर्णतः वैधानिक हो।

डॉ. कमल गुप्ता, जो प्रसिद्ध तथा अंकेक्षण विषय के प्रसिद्ध लेखक है, ने पेशेवर के लिये अनुशासन की आवश्यकता को परिभाषित किया है।

उनके शब्दों में –

''एक पेशेवर लेखांकक के व्यवहार, दायित्व तथा आचरण को कुछ मानकों की आवश्यकता पर अतिरिक्त बल नहीं दिया जा सकता।''

एक पेशा जनता का विश्वास तथा भरोसा केवल तभी प्राप्त कर सकता है जब उसके सदस्य के व्यवहार के कुछ विशिष्ट मानक तय किये जाये तथा सख्तता से उनका अवलोकन किया जाये।

CA Aseem Trivedi

कुछ पेशे जैसे कि चिकित्सा तथा पेशे केवल अपने नीतिगत व्यवहार तथा आचरण से जनता का विश्वास प्राप्त करते है।
इसलिये यह केवल नीतिगत व्यवहार के ही सख्त अवलोकन है कि लेखांकन पेशे का एक सदस्य, एक चरित्रवान तथा ईमानदार व्यक्ति के रूप में विश्वसनीय होगा।
चार्टड लेखाकार (संशोधन) अधिनियम, 2006 ने अनुशासन तंत्र को परिवर्तित कर दिया है। इसने कुछ मदों को प्रस्तावित किया है तथा उन्हें बार–बार दोहराया है जो निम्नांकित प्रकार से हैः–

अनुशासन बोर्ड
[धारा 21A (1)]

धारा 21A (1) के अनुसार काउंसिल निम्नांकित को मिलाकर एक अनुशासन बोर्ड का गठन करेगी–

a) पेशे तथा अनुशासनात्मक मामलों का ज्ञान रखने वाला तथा कानूनी अनुभव रखने वाला व्यक्ति उसका पीठासीन अधिकारी होगा।
b) दो सदस्य जिसमें से एक सदस्य काउंसिल का होगा जिसे काउंसिल द्वारा चुना जायेगा तथा अन्य सदस्य जिसको कानून, अर्थशास्त्र, व्यापार, वित्त अथवा लेखांकन के क्षेत्र में अनुभव रखने वाले प्रख्यात व्यक्तियों मेंसे में केन्द्रीय सरकार द्वारा नामांकित किया जायेगा।
c) निदेशक (अनुशासन) बोर्ड के सचिव के रूप में कार्य करेगा।

धारा 21A (1) की उपधारा (2) के अनुसार अनुशासन बोर्ड अपने सामने आये मामलों को हल करने के लिये संक्षिप्त निपटारा प्रक्रिया (Summary dispasal procedure) का पालन करेगा।

अनुशासन समिति
[धारा 21 B]

धारा 21 B की उपधारा (1) के अनुसार निम्न को मिलाकर काउंसिल एक अनुशासन समिति का गठन करेगी –

1) काउंसिल का अध्यक्ष अथवा उपाध्यक्ष पीठासीन अधिकारी होगा।
2) दो सदस्यों को काउंसिल के सदस्यों के बीच से चुना जायेगा।
3) दो सदस्यों को जिन्हे कानून, अर्थशास्त्र, व्यापार, वित्त अथवा लेखांकन के क्षेत्र में अनुभव रखने वाले प्रख्यात व्यक्तियों के मध्य से केन्द्रीय सरकार द्वारा नामांकित किया जायेगा।

इसके अतिरिक्त यह प्रावधान किया गया है कि काउंसिल एक से अधिक अनुशासन समिति का गठन कर सकती है जब वह आवश्यक समझे।

अपीलीय प्राधिकरण
[धारा 22A]

जैसा कि धारा 22A की उपधारा (1) में परिभाषित किया गया है कि केन्द्रीय सरकार एक अधिसूचना द्वारा निम्न को मिलाकर एक अपीलीय प्राधिकरण का गठन कर सकती हैः–

CA Aseem Trivedi

1) एक व्यक्ति जो एक उच्च न्यायालय का न्यायाधीश है अथवा था इसका अध्यक्ष होगा।
2) दो व्यक्तियों को उन व्यक्तियों के मध्य में से नियुक्त किया जायेगा जो एक पूर्ण अवधि के लिये काउंसिल के सदस्य थे तथा जो काउंसिल का वर्तमान सदस्य नहीं है।
3) दो सदस्य जिनकों कानून, अर्थशास्त्र, व्यापार वित्त अथवा लेखांकन के क्षेत्र में ज्ञान रखने वाले तथा व्यावहारिक अनुभव रखने वाले व्यक्तियों के मध्य में से केन्द्रीय सरकार द्वारा नामांकित किया जायेगा।

धारा 22A की उपधारा (2) के अनुसार अध्यक्ष तथा अन्य सदस्य अंशकालीन सदस्य होगे।

गुणवत्ता पुनरीक्षण बोर्ड
[धारा 28A]

संशोधन 2006, द्वारा जोड़ी गई नई धारा, धारा 28A केन्द्रीय सरकार को यह अधिकार देती है कि वह अधिसूचना द्वारा वह एक अध्यक्ष तथा 10 अन्य सदस्यों को मिलाकर एक गुणवत्ता पुनरीक्षण बोर्ड का गठन करें।

अध्यक्ष तथा अन्य सदस्यों को कानून, अर्थशास्त्र, व्यापार, वित्त अथवा लेखांकन के क्षेत्र में ज्ञान रखने वाले तथा व्यवहारिक अनुभव रखने वाले प्रख्यात व्यक्तियों के मध्य मेंसे नियुक्त किया जायेगा।

बोर्ड के पॉच सदस्यों को काउंसिल द्वारा तथा अन्य पॉच सदस्यों को केन्द्रीय सरकार द्वारा नामांकित किया जायेगा।

धारा 28B के अनुसार बोर्ड जिन कार्यकलापों का निष्पादन करेगा वो निम्नानुसार हैः–

1) इंस्टीट्यूट के सदस्यों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता के संबंध में काउंसिल को सिफारिश करना।
2) इंस्टीट्यूट के सदस्यों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता का पुनरीक्षण करना, अंकेक्षण सेवाओं को शामिल करते हुए।
3) इंस्टीट्यूट के सदस्यों को सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने के लिये मार्गदर्शन देना। तथा विभिन्न वैधानिक व अन्य नियामक आवश्यकताओं के लिये अवलंबन प्रदान करना।

अनुशासनात्मक प्रक्रिया
चरण – 1

शिकायत/सूचना के प्राप्त होने परः–

1) फॉर्म नं. I में (नियम – 3) के अनुसार शिकायत प्राप्त होने पर निर्धारित फीस (नियम – 4) सहित अथवा सूचना (नियम – 7) प्राप्त होने पर। बशर्ते सूचना शिकायत बेनामी नहीं होना चाहिये।
2) शिकायत का पंजीकरण (नियम – 5)
3) यदि उचित शिकायत प्राप्त की जाती है तो शिकायत सर्वप्रथम DD द्वारा जॉची जायेगी। प्राप्त शिकायत को एक यूनिक नं. दिया जाता है।
   (i) यदि शिकायत पूर्व में प्राप्त शिकायत से मिलती – जुलती होती है तो प्राप्त शिकायत को उसी शिकायत के साथ मिला दिया जाता है।
   (ii) यदि शिकायत, पूर्व में प्राप्त ऐसी शिकायत से मेल खाती है जिस पर निर्णय दिया जा चुका है तो वह समापन के लिये BDO का आगे की ओर प्रेषित कर दी जाती है।
4) यदि शिकायतकर्ता द्वारा शिकायत को वापस लेने के लिये आवेदन किया जाता है। (नियम–5)

CA Aseem Trivedi

(i) यदि वाद BOD या DC के समक्ष लंबित है तो यह BOD या DC के निर्णय पर निर्भर है कि वे शिकायत वापस लेने की अनुमति दें या न दें।

(ii) यदि शिकायत DD के पास पंजीकृत होना बाकी है तो यह BOD के निर्णय पर निर्भर है कि वह शिकायत वापस लेने की अनुमति दे या न दे।

5) शिकायत का पंजीकरण करने के पश्चात् 60 दिनों के भीतर Office of DD शिकायत कर्ता द्वारा वर्णित कृत्य अथवा चुक/भूल के विवरण को फर्म के साझेदारों और सदस्यों को व्यक्तिगत रूप से फॉरवर्ड किया जाता है। तथा यह आवश्यक बनाता है कि साझेदार अथवा सदस्य 21 दिनों के भीतर (अथवा DD द्वारा अतिरिक्त समय की अनुमति दी जा सकती है जो 30 दिनों से अधिक नहीं हो सकती) अपने बचाव में कोई विवरण तथा शिकायत की प्रतिलिपि जमा करें।

6) बचाव में विवरण प्राप्त होने पर DD विवरण की एक प्रतिलिपि शिकायतकर्ता को भेजेगी तथा यह जरूरी है कि वह 21 दिनों के भीतर (जिसे 30 दिनों तक बढ़ाया जा सकता है यदि DD अनुमति दें) अपना प्रत्युत्तर दे।

7) यदि शिकायतकर्ता तथा प्रतिवादी समय पर उत्तर नहीं देते है तो DD अपने विवेक पर अतिरिक्त कार्यवाही कर सकता है।

चरण – 2

यदि एक सदस्य प्रथम अनुसूची में वर्णित किसी पेशेवर अथवा अन्य दुर्व्यवहार का दोषी है। तो निदेशक अनुशासन (DD) उस मामलें को अनुशासन बोर्ड (BOD) के सामने रखेगा।	यदि एक सदस्य द्वितीय अनुसूची अथवा दोनों अनुसूचियों में वर्णित पेशेवर अथवा अन्य दुर्व्यवहार का दोषी है तो निदेशक उस मामलें को अनुशासन समिति (DC) के सम्मुख रखेगा।

चरण – 3

जहॉ पर निदेशक अनुशासन की यह राय है कि एक सदस्य प्रथम अनुसूची में वर्णित पेशेवर अथवा अन्य दुर्व्यवहार का दोषी है, तो वह सदस्य को उसके विरूद्ध कोई भी आदेश पारित करने के पहले उसे सुनवाई का उचित अवसर प्रदान करेगा तत्पश्चात् वह निम्न में से कोई एक अथवा अधिक कार्यवाही कर सकता है:– 1) सदस्य को सकती है। 2) 3 माह तक के लिये सदस्य का नाम रजिस्टर में से हटा सकती है। 3) इतना जुर्माना लगा सकती है जितना वह उचित समझे (जो 1,00,000 रू. तक हो सकता है।)	जहॉ पर निदेशक अनुशासन की यह राय है कि एक सदस्य द्वितीय अनुसूची अथवा दोनों अनुसूचियों में वर्णित पेशेवर अथवा अन्य दुराचरण का दोषी है तो वह सदस्य को उसके विरूद्ध कोई भी आदेश पारित करने से पूर्व सुनवाई का एक उचित अवसर प्रदान करेगा तत्पश्चात् निम्न में से कोई एक अथवा अधिक कार्यवाही कर सकता है:– 1) सदस्य को सकती है। 2) स्थायी रूप से अथवा उस अवधि तक के लिये सदस्य का नाम रजिस्टर में से हटा सकती है जितनी वह उचित समझें 3) उतना जुर्माना लगा सकती है। जितना वह उचित समझे जो 5,00,000 रू. तक का हो सकता है।

<u>सदस्य द्वारा अपील :–</u>

संस्था का कोई भी सदस्य जो स्वंय पर निदेशक समिति अथवा अनुशासन बोर्ड द्वारा धारा 21A की उपधारा (3) में अथवा धारा 21B की उपधारा (3) में संदर्भित जुर्माने से असंतुष्ट है तो वह आदेश मिलने से 90 दिनों के भीतर प्राधिकरण को अपील कर सकता है।

<u>निदेशक अनुशासन द्वारा अपील :–</u>

CA Aseem Trivedi

यदि काउंसिल द्वारा अनुमति प्राप्त हो तो निदेशक अनुशासन 90 दिनों के भीतर अनुशासन बोर्ड तथा अनुशासन समिति के द्वारा दिये गये निर्णय के विरूद्ध प्राधिकरण को अपील कर सकती है।

विलंब के लिये क्षमा करना :–

प्राधिकरण ऐसी अपील पर भी विचार कर सकता है जो उपरोक्त 90 दिनों की अवधि के पश्चात् प्राप्त हुई है। यदि वह इस बात से संतुष्ट है कि उचित समयावधि में अपील दर्ज न कराने के पर्याप्त कारण हो।

अपीलीय प्राधिकरण द्वारा कार्यवाही :–

प्राधिकरण किसी भी मामलें के रिकॉर्डस मॅगवाने के पश्चात् तथा धारा 21A की उपधारा (3) तथा धारा 21B की उपधारा (3) के अंतर्गत अनुशासन बोर्ड तथा अनुशासन समिति द्वारा दिये गये आदेश की समीक्षा कर सकती है तथा :–

1. आदेश की पुष्टि, संशोधन अथवा अस्वीकार कर सकती है।
2. जुर्माना लगा सकती है अथवा हटा सकती है तथा आदेश द्वारा जुर्माने को कम कर सकती है अथवा बढ़ा सकती है।
3. अनुशासन बोर्ड तथा अनुशासन समिति को मामलें को ऐसी अतिरिक्त पूछताछ/ जॉच पड़ताल के लिये प्रेषित कर सकता है जैसा वह मामलें की परिस्थितियों के अनुसार उपयुक्त समझे।
4. अन्य ऐसे आदेश पारित कर सकता है जैसा वह उचित समझे।

अनुशासनात्मक प्रक्रिया से संबंधित कुछ अन्य मुद्दे :–

क्या यह संभव है कि अनुशासन निदेशक के समक्ष किसी सदस्य के विरूद्ध की गई शिकायत को वापस लिया जा सके ?

जहॉ शिकायतकर्ता शिकायत को वापस ले लेता है तो निदेशक (अनुशासन) इस प्रकार की शिकायत वापसी को अनुशासन बोर्ड अथवा अनुशासन समिति के सामने रखता है (जैसा भी मामला हो)

तथा यदि उक्त बोर्ड अथवा समिति का मत है कि परिस्थितियॉ ऐसी है, तो वह किसी भी चरण पर वापसी की अनुमति दे सकती है।

यदि निदेशक (अनुशासन) का यह मत है कि सदस्य के विरूद्ध कोई प्रथम दृष्टया मत नहीं है तो क्या वह मामलें को बंद करने का निर्णय ले सकता है ?

निदेशक (अनुशासन) सभी सूचनाओं तथा शिकायतों को अनुशासन बोर्ड के सामने रखेगा। जहॉ उसका विचार है कि कोई प्रथम दृष्टया (Prima facie) मामला नहीं है तथा यदि अनुशासन बोर्ड, निदेशक (अनुशासन) की राय से सहमत है तो वह मामलें को बंद कर सकता है अथवा यदि सहमत नहीं है तो निदेशक (अनुशासन) को सलाह दे सकता है कि मामलें की आगे जॉच करें।

अधिनियम द्वारा विभिन्न प्राधिकरणों को दिये गये अधिकारों पर विचार विमर्श कीजिये :–

इस अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत पूछताछ/ जॉच पड़ताल के उद्देश्य हेतू अधिकरण, अनुशासन समिति, अनुशासन बोर्ड तथा निदेशक (अनुशासन) निम्नांकित मामलों के संबंध वही अधिकार प्राप्त होंगे जो Code of civil procedure 1908 के अंतर्गत सिविल न्यायालय में दिये गये है।

1. किसी भी व्यक्ति को न्यायालय में उपस्थित होने की सूचना भेजना तथा उस पर दबाव डालना।
2. किसी दस्तावेज की खोज अथवा उसका तथा।
3. शपथपत्र पर साक्ष्य प्राप्त करना।

क्या एक भूतपूर्व सदस्य के विरूद्ध जॉच पड़ताल प्रारंभ की जा सकती है ?

CA Aseem Trivedi

इस अधिनियम के अनुसार धारा 21, 21A, 21B, 21C तथा 22 के उद्देश्य हेतू

''इंस्टीट्यूट के सदस्य'' में शामिल है एक व्यक्ति जो वर्णित दुर्व्यवहार की तारीख को इंस्टीट्यूट का सदस्य है भले ही जॉच–पड़ताल के समय उसे सदस्यता से हटा दिया गया हो।

Poser: 06 क्या यह आवश्यक है कि केवल निदेशक अनुशासन को ही शिकायत की जा सकती है

Hint: हॉ, जो कि निश्चित फॉर्म में भी हो।

Poser: 07 क्या निदेशक अनुशासक द्वारा फार्म को अस्वीकृत कर सकता है यदि उसे शिकायतकर्ता द्वारा अधूरा भरा जाये ?

Hint: नहीं, निदेशक अनुशासक शिकायतकर्ता को निर्धारित समय में गलती सुधारने को कहेगा।

Poser: 08 क्या यह आवश्यक है कि निदेशक अनुशासक को की गई शिकायत में साक्ष्यों को जोड़ा जायें ?

Hint: हॉ, निर्धारित किये गये फार्म में शिकायतकर्ता का समर्थन करने वाले साक्ष्यों के लिये एक कॉलम होता है।

Poser: 09 मि. YM जो कि एक अभ्यासरत् चार्टड लेखाकार है ने तर्क दिया कि DD उसके विरूद्ध कोई पूछताछ केवल इस आधार पर प्रारंभ नहीं कर सकता।

Poser: 10 मि. X ने CTRC जिसके वह खजांची थे के कोष का दुरूपयोग करने के बाद अपनी सदस्यता को सरेंडर कर दिया। मि. X ने तर्क दिया कि उपरोक्त आधार निदेशन अनुशासन उनके विरूद्ध काई कार्यवाही नहीं कर सकती क्योंकि अ बवह संस्था के सदस्य नहीं है।

Hint: एक सदस्य के दुर्व्यवहार से संबंधित सभी जॉच–पड़ताल के प्रावधान सदस्य के CA के रूप में रोक लगाने के बाद भी प्रभावी होगे।

Poser: 11 क्या अनुशासन मंडल एक सदस्य के नाम को सदस्यों के रजिस्टर में से हटाने का निर्णय ले सकता है ?

Hint: नहीं, बोर्ड अधिकतम 3 माह के लिये सदस्यों के नाम को हटा सकता है।

Topic – 3

दुर्व्यवहार

सनदी लेखाकार अधिनियम 1949 के अंतर्गत पेशेवर तथा अन्य दुर्व्यवहार से आप क्या समझते है ?

धारा 22 के अनुसार ''पेशेवर तथा अन्य दुर्व्यवहार'' में शामिल है कोई कार्यवाही अथवा भूल जिनका अधिनियम की किसी अनुसूची में प्रावधान किया गया है।

प्रंतु इस धारा का उद्देश्य किसी भी अन्य परिस्थिति के अंतर्गत इंस्टीट्यूट के किसी भी सदस्य के व्यवहार की जॉच–पड़ताल करने हेतु धारा 21(1) के अंतर्गत निदेशक (अनुशासन) पर डाली गयी जिम्मेदारी अथवा दिये गये अधिकारों को किसी भी तरीके से सीमित करना अथवा संक्षिप्त करना नहीं है।

अधिनियम में संशोधन के पूर्व केवल पेशेवर दुर्व्यवहार को ही कार्यवाही तथा भूल के रूप में अनुसूची में सूचीबद्ध किया गया था।

संशोधित अधिनियम 2006 द्वारा मद अन्य दुर्व्यवहार को प्रथम अनुसूची के भाग IV में विस्तृत रूप से परिभाषित किया गया है।

अतः हम कह सकते है कि सनदी लेखाकार अधिनियम की अनुसूची के अंतर्गत प्रत्येक कार्यवाही तथा भुल को पेशेवर तथा अन्य दुर्व्यवहार के रूप में परिभाषित किया गया है।

अधिनियम की अनुसूची

अनुसूची	भाग	विवरण	दुर्व्यवहार की प्रकृति	वाक्यांश
प्रथम	I	प्रैक्टिस में सदस्य का दुर्व्यवहार	पेशेवर	12
	II	सेवा में सदस्य का दुर्व्यवहार	पेशेवर	2

CA Aseem Trivedi

	III	सामान्यतः इंस्टीट्यूट के सदस्यों के संबंध में पेशेवर दुर्व्यवहार से डील करता है।	पेशेवर	3
	IV	सामान्यतः इंस्टीट्यूट के सदस्यों के संबंध में अन्य दुर्व्यवहार से डील करता है।	अन्य	2
द्वितीय		प्रैक्टिस में सदस्य का दुर्व्यवहार	पेशेवर	10
		सेवा में सदस्य का दुर्व्यवहार	पेशेवर	4
		सामान्यतः इंस्टीट्यूट के सदस्य के संबंध में अन्य दुर्व्यवहार	अन्य	1

प्रथम अनुसूची

धारा 21(3), 21A(3) तथा 22

प्रैक्टिस में सनदी लेखाकार के संबंध में पेशेवर दुर्व्यवहार एक चार्टड लेखाकार को पेशेवर दुर्व्यवहार का दोषी माना जायेगा यदि वह –

वाक्यांश :– 1

किसी व्यक्ति को एक सनदी लेखाकार के रूप में अपने नाम में प्रैक्टिस की आज्ञा देता है। जब तक कि वह व्यक्ति भी प्रैक्टिस में सनदी लेखाकार ना हो तथा उसके साथ साझेदारी अथवा रोजगार में ना हो।

यदि कोई व्यक्ति एक गैर–सदस्य को अपने नाम में प्रैक्टिस करने की अनुमति देता है तो उसे पेशेवर दुर्व्यवहार का दोषी माना जायेगा।

लेकिन वह ऐसा कर सकता है यदि वह अन्य व्यक्ति प्रैक्टिस में चार्टड लेखाकार है अथवा उसके साथ साझेदारी में अथवा रोजगार में है।

उपरोक्त वाक्यांश जनता को प्रैक्टिस करने वाले गैर–अर्हता प्राप्त चार्टड लेखाकार से बचाने के लिये बताया गया ?

वाक्यांश :– 2

यदि वह प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भारत में अथवा भारत के बाहर अपने पेशेवर व्यवसाय की फीस अथवा लाभ का कोई भी भाग कमीशन या दलाली के रूप में निम्नांकित व्यक्तियों के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति को भुगतान करता है अथवा भुगतान करने के लिये सहमत होता है।

1. इंस्टीट्यूट का एक सदस्य अथवा।
2. एक साझेदार अथवा।
3. एक सेवानिवृत्त साझेदार अथवा।
4. मृतक साझेदार का वैधानिक प्रतिनिधि अथवा।
5. किसी अन्य पेशेवर संस्था का एक सदस्य अथवा।
6. कोई ऐसा अन्य व्यक्ति जो किसी पेशेवर सेवा को देने के लिये निर्धारित योग्यता रखता है।

स्पष्टीकरण :–

शब्द ''साझेदार'' में शामिल है एक व्यक्ति जिसके साथ प्रैक्टिस में चार्टड लेखाकार ने साझेदारी की है जो कि इस भाग के मद (4) के उल्लंघन में नहीं है।

संशोधन के पूर्व अधिनियम द्वारा अंतिम दो बिदुंओ में उल्लेखित व्यक्तियों के साथ भागीदारी की स्वीकृति नहीं दी गई थी।

एक मृतक साझेदार का वैधानिक प्रतिनिधि लाभ में से हिस्सा प्राप्त करने का अधिकारी केवल तभी होगा जब साझेदारी संलेख में यह प्रावधान हो कि साझेदार की मृत्यु पर उसका वैधानिक प्रतिनिधि एक निश्चित अवधि के लिये ऐसा भुगतान फीस अथवा अन्यथा तरीके से प्राप्त करने का अधिकारी होगा।

CA Aseem Trivedi

2006 के अधिनियम संख्या 9 के द्वारा चार्टड लेखाकार अधिनियम, 1949 में इस प्रावधान में परिवर्तन किया गया तथा भारत में अथवा भारत के बाहर समय–समय पर इस प्रकार की पेशेवर सेवा को प्रदान करने के उद्देश्य हेतू निर्धारित योग्यता प्राप्त करने वाले व्यक्ति अथवा किसी पेशेवर संस्था के सदस्यों के मध्य लाभ अथवा शुल्क को बॉटने की अनुमति दे दी गई।

नया संशोधन :–

वर्तमान में काउंसिल ने नियमन 53A प्रस्तावित किया है जिसके अंतर्गत बताया गया है कि एक प्रैक्टिस में चार्टड लेखाकार अपनी पेशेवर फीस अथवा लाभ के निम्नांकित पेशेवर संस्था के सदस्यों के साथ बॉट सकता है।

Recently council has introduced a regulation 53A under which it had defined that a Chartered Accountant in practice can share his professional fee or profit with members of following professional bodies

(a) The Institute of Company Secretaries of India established under the Companies Act, 1980 (No. 56 of 1980);
(b) The Institute of Cost and Works Accountants of India established under the Cost and Works Accountants Act, 1959 (No. 23 of 1959);
(c) Bar Council of India established under the Advocates Act, 1961 (No. 25 of 1961);
(d) The Indian Institute of Architects established under the Architects Act, 1972 (No. 20 of 1972);
(e) The Institute of Actuaries of India established under the Actuaries Act, 2006 (No. 35 of 2006);
(f) The membership of the professional bodies or institutions outside India whose qualifications relating to accountancy are recognized by the Council under sub-section (2) of section 29 shall also be taken into consideration for the purpose of Items (2) , (3) and (5) of the Part I of the First Schedule to the Act.

Further council had permitted a chartered accountant in practice to share fee with following **persons qualified in India, namely:-**

(i) Company Secretary within the meaning of the Company Secretaries Act, 1980;
(ii) Cost Accountant within the meaning of the Cost and Works Accountants Act, 1959;
(iii) Actuary within the meaning of the Actuaries Act, 2006;
(iv) Bachelor in Engineering from a University established by law or an Institution recognized by law;
(v) Bachelor in Technology from a University established by law or an institution recognized by law;
(vi) Bachelor in Architecture from a University established by law or an institution recognized by law;
(vii) Bachelor in Law from a University established by law or an institution recognized by law;
(viii) Master in Business Administration from Universities established by law or technical institutions recognized by All India Council for Technical Education.

जब एक Sole Propriter की मृत्यु हो जाती है तो क्या उसकी विधवा फर्म का विक्रय कर, एक प्रैक्टिस में चार्टड लेखाकार जिसनें उस फर्म का क्रय किया है उसके साथ लाभ में हिस्सा प्राप्त कर सकती है ?

CA Aseem Trivedi

Sole Properiter की मृत्यु पर इंस्टीट्यूट द्वारा फर्म का नाम एक वर्ष के लिये अस्थायी रूप से अपने पास रख लिया जाता है ताकि मृतक साझेदार की विधवा फर्म की ख्याति का विक्रय करने में समर्थ हो सके।

एकांकी साझेदारी की दशा में – मृतक साझेदार की विधवा एकांकी साझेदारी व्यवसाय के क्रेता से लाभ का कोई हिस्सा प्राप्त नहीं कर सकती।

लेकिन वह विधवा यदि विक्रय के अनुबंध में ख्याति की राशि निर्धारित की गई हो तो ऐसी ख्याति की राशि प्राप्त कर सकती है।

ऐसी ख्याति मासिक/त्रैमासिक/वार्षिक किश्तों में प्राप्त की जा सकती है।

परंतु ऐसा भुगतान व्यापार के उत्तराधिकारी के साथ लाभ अथवा प्रतिशत के रूप में तय नहीं किया जा सकता।

Poser: 12 मि. MM गर्ग जो कि अभ्यासरत् चार्टड लेखाकार है अपनी पेशेवर फीस का 20% भाग अपने बीमार साझेदार की विधवा को देते है। केवल मानवता के आधार पर।

Hint: न्यास में लेना चाहिये न कि मानवता के आधार पर (चार्टड लेखाकार अधिनियम के भाग I का वाक्यांश 2)

Poser: 13 साझेदारी विलेख के वाक्यांश के अनुसार बीमार साझेदार की विधवा प्रत्येक वर्ष लाभों में से भाग प्राप्त करेगी अगले 15 सालों तक।

Hint: दुर्व्यवहार नहीं है। (चार्टड लेखाकार अधिनियम की अनुसूची के भाग I का वाक्यांश 2)

Poser: 14 मि. A, मि. B की मृत्यु के पश्चात् उनका प्रोपराइटर फर्म खरीदते है तथा अपनी कुल पेशेवर फीस का 20% भाग मि. B को क्रय प्रतिफल 3,25,000 रू. के अलावा ख्याति के रूप में देने को सहमत होते है।

Hint: दुर्व्यवहार (same)

Poser: 15 मि. B अपने द्वारा प्राप्त की जाने वाली फीस का 50% एक ऐसे व्यक्ति को कार्यालय भत्ते के नाम पर देंगे जो चार्टड लेखाकार नहीं है।

Hint: दुर्व्यवहार (same)

Poser: 16 मि. A टाटा फायनेंस से ऑफिस के निर्माण के लिये ऋण प्राप्त करते है तथा 2% की दर से (वाणिज्यिक दर 12% है) तथा सकल पेशेवर प्राप्तियों का 15% भुगतान तब तक करने के लिये सहमत होते है जब तक कि ऋण का पुर्नभुगतान नहीं हो जाता है।

Poser: 17 मि. A जो एक अभ्यासरत् चार्टड लेखाकार है तथा मि. B जो कि एक वकील है दोनों एक दूसरे द्वारा एक दूसरे के पास भेजे जाने वाले नियोक्ताओं से प्राप्त होने वाली फीस का 12% एक दूसरे को देने के लिये सहमत होते है। प्रत्येक वर्ष के अंत में खाते सेटल किये जाते है। एक वर्ष के बाद मि. A कोई भी राशि प्राप्त करने अथवा भुगतान करने से मना कर देते है इस आधार पर कि यह एक पेशेवर दुर्व्यवहार का निर्माण है तथा वह दोनों पारस्परिक सहमति से अनुबंध को समाप्त करते है।

Hint: नये संशोधनों के अनुसार विशिष्ट व्यक्ति के पास बंटवारा स्वीकृत है इसलिये यह दुर्व्यवहार नहीं है।

Poser: 18 मि. X जो कि एक अभ्यासरत् चार्टड लेखाकार है मि. Y एक अन्य चार्टड लेखाकार जो कि IDBI की मुंबई शाखा के समस्त कर्मचारियों की IT Returns को फाईल करने हेतु शाखा प्रबंधक है के साथ एक साझेदारी करते है।

Hint: दुर्व्यवहार (same) प्रथम अनुसूची के भाग 1 के वाक्यांश 4 को भी ध्यान में रखना।

एक चार्टड एकाउंटेट ने एक शिकायतकर्ता को कार्यालय भत्ते की नामावली के अंतर्गत उसके द्वारा प्राप्त अंकेक्षण शुल्क का 50% दिया। क्या वह पेशेवर दुर्व्यवहार का दोषी है ?

CA Aseem Trivedi

(D.S. Sadri vs B.M. Pithewala/ Council's Delision/ 1974)

वाक्यांश 3 :–

यदि वह किसी ऐसे व्यक्ति के पेशेगत कार्य के लाभ में से कोई हिस्सा प्राप्त करता अथवा प्राप्त करने के लिये सहमत होता है जो इंस्टीट्यूट का सदस्य नहीं है।

इसके अलावा वह वाक्यांश – 2 में बताये गये व्यक्तियों की सूची वाले व्यक्तियों के पेशेवर कार्य के लाभ में से भी कोई कमीशन या दलाली प्राप्त करता है या अन्य किसी भी तरीके से भाग प्राप्त करता है तो भी वह पेशेगत दुराचरण का दोषी माना जायेगा।

वह वाक्यांश – 2 में केवल ऐसे व्यक्ति के साथ हिस्सा प्राप्त कर सकता है जो इंस्टीट्यूट का सदस्य है।

एक अभ्यासरत् चार्टड लेखाकार :

1. इंस्टीट्यूट के एक सदस्य, अथवा।
2. किसी अन्य पेशेवर संस्था के सदस्य, अथवा।
3. एक ऐसा व्यक्ति जिसके पास वह योग्यता है जिसे काउंसिल अथवा सरकार द्वारा निर्धारित किया गया है, अथवा।
4. सरकार के अतिरिक्त किसी भी व्यक्ति से कमीशन अथवा लाभ में हिस्सा प्राप्त नहीं कर सकता।

प्रारंभ में एक अभ्यासरत् चार्टड लेखाकार एक गैर सदस्य के पेशगत व्यवसाय में से कोई कमीशन/दलाली अथवा लाभ में से कोई हिस्सा प्राप्त नहीं कर सकता था।

परंतु वर्तमान संशोधन द्वारा उन्हें अन्य पेशेगत संस्थाओं के सदस्यों के साथ फीस अथवा लाभ को बॉटने की अनुमति दी गई है।

इसके अतिरिक्त इन्हें इस बात की भी स्वीकृति दी गई है कि वह ऐसे व्यक्तियों के साथ भी हिस्सा बॉट सकते है, जिनके पास समय–समय पर भारत में अथवा भारत के बाहर निर्धारित योग्यताऍ है।

इस संशोधन का मुख्य लाभ यह होगा कि एक चार्टड लेखाकार एक प्रतियोगी तरीके से भारत में एक बहु–अनुशासनात्मक फर्म की स्थापना कर सकता है तथा अनेक पेशेवर सेवाऍ प्रस्तावित कर सकता है।

अब हम देख सकते है कि –

क्लांइट के लिए चार्टड लेखाकार का ''एक स्टॉफ ऑफिस है''।

वाक्यांश 4 :–

एक प्रैक्टिस में चार्टड लेखाकार पेशेगत दुराचरण का दोषी माना जाना जायेगा यदि –

वह भारत में अथवा भारत के बाहर किसी ऐसे व्यक्ति के साथ साझेदारी करता है जो एक अभ्यासरत् चार्टड लेखाकार नहीं है या वह किसी पेशेवर संस्था का सदस्य नहीं है जो निर्धारित योग्यता रखता है अथवा वह धारा 4(1)(v) के अंतर्गत पंजीयक के रूप में हकदार होने वाला एक निवासी तो है परंतु विदेश में रहता है अथवा जिसकी योग्यता को केन्द्रीय सरकार अथवा काउंसिल ने ऐसी साझेदारी के लिये अनुमति दी है।

संशोधन के पूर्व other disciplines के साथ साझेदारी प्रतिबंधित थी परंतु बहु अनुशासनात्मक फर्म को प्रोत्साहित करने हेतु तथा आगे आने वाली धारणा limited liabilities partnership (सीमित दायित्व साझेदारी के लिये ICAI ने इस वाक्यांश को उचित रूप से संशोधित किया है।)

वर्तमान में काउंसिल ने नियमन 53B को प्रस्तावित किया है जिसमें यह परिभाषित किया गया है कि अधिनियम प्रथम की अनुसूची के भाग I की मद (4) के अंतर्गत साझेदारी में सी प्रवेश करने के उद्देश्य के लिये एक व्यक्ति निम्नांकित में से किसी एक पेशेगत संस्था का सदस्य होना चाहिये।

CA Aseem Trivedi

1. कंपनी सचिव अधिनियम, 1980 के अंतर्गत स्थापित इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सचिव ऑफ इंडिया का सदस्य।
2. लागत लेखाकार सदस्य, cost & works accountants अधिनियम 1959 के अंतर्गत स्थापित इंस्टीट्यूट ऑफ cost & work accountants of India.
3. वकील सदस्य, एडव्होकेट अधिनियम 1961 के अंतर्गत स्थापित बार काउंसिल ऑफ इंडिया।
4. इंजीनियर सदस्य, विधान द्वारा स्थापित, इंजीनियर्स संस्था अथवा विश्वविद्यालय से इंजीनियरिंग अथवा विधान द्वारा मान्यता प्राप्त एक संस्थान।
5. आर्किटेक्ट सदस्य, आर्किटेक्ट अधिनियम 1972 के अंतर्गत स्थापित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट।
6. एक्टयूर्स सदस्य, एक्टयूरी अधिनियम, 2006 के अंतर्गत स्थापित इंस्टीट्यूट ऑफ एक्टयूरीज ऑफ इंडिया।
7. भारत के बाहर पेशेगत संस्थाएँ अथवा संस्थान जिनकी लेखांकन संबंधी योग्यताओं को काउंसिल द्वारा अधिनियम की धारा 29 (2) के अंतर्गत मान्यता प्रदान की गई है।

Poser: 19 मि. A जो कि एक चार्टड लेखाकार है तथा अभ्यास का प्रमाणपत्र प्राप्त कर चुके है पिछले 4 वर्षो से कोई भी पेशेवर कार्य प्राप्त करने में असफल रहे है। आखिरकार अपने भाई के साथ एक साझेदारी करते है जो कि MBA है तथा प्रबंध सलाहकार सेवायें देते है।

Hint: दुर्व्यवहार (प्रथम अनुसूची के भाग 1 का वाक्यांश 4)

Poser: 20 मि. B जो एक नये चार्टड लेखाकार है ब्राजील की एक चार्टड लेखाकार फर्म के साथ एक भारत में तथा भारत के बाहर के लाभ अथवा हानि के लिये एक साझेदारी करते है

Hint: Same

Poser: 21

Poser: 22 मि. X जो कि एक अभ्यासरत् चार्टड लेखाकार है ICAI तथा ICWAI के सदस्य मि. Y के साथ साझेदारी करते है तथा मि. Y के पास ICWAI का अभ्यास का प्रमाणपत्र भी है।

Hint: दुर्व्यवहार नहीं है। (53B नियमन द्वारा स्वीकृत)

<u>वाक्यांश 5 :–</u>

एक अभ्यासरत् चार्टड लेखाकार को पेशेगत दुराचरण का दोषी माना जायेगा यदि :–

वह अपने पेशेगत व्यवसाय को चलाने के लिये किसी ऐसे व्यक्ति की सेवा प्राप्त करता है अथवा मदद लेता है जो न तो उसका कर्मचारी है, न ही उसका साझेदार है अथवा न ही चार्टड लेखाकार के रूप में सभी के सामने पहचाना जाता है।

प्रदान किया गया है कि इस भाग के वाक्यांश 2, 3, 4 के व्यक्तियों के अतिरिक्त एक चार्टड लेखाकार किसी भी अन्य व्यक्ति से अपने व्यवसाय को चलाने के लिये उससे सेवाएँ प्राप्त नहीं कर सकता है।

[चार्टड लेखाकार (संशोधन) अधिनियम 2006 द्वारा संशोधित] चार्टड लेखाकार (संशोधन) अधिनियम की प्रथम अनुसूची के वाक्यांश 5 के अनुसार किसी पेशेवर व्यवसाय को कुछ गैर–सदस्य वर्ग के द्वारा सुरक्षित करने की स्वीकृति दी गई है जिन्हें समय–समय पर विनियमन में निर्दिष्ट किया गया है।

CA Aseem Trivedi

यह ध्यान देने योग्य है कि संशोधन 2006 द्वारा यह स्वीकृति दी गई है कि एक अभ्यासरत् चार्टड लेखाकार अपने–अपने व्यवसाय को चलाने के लिये अपने कर्मचारी की सहायता प्राप्त कर सकता है।

प्रारंभ में इसकी अनुमति नहीं थी। पेशेवर विश्व में इस संबंध मे अभी दिशा–निर्देश आना बाकी है।

Poser: 23

5. सदस्य जो रोजगार में है तथा जिसके पास COP है एक ऐसी व्यापारिक संस्था के वित्तीय विवरणों पर रिर्पोट नहीं कर सकता जिसमें वह रोजगार में है अथवा उसी संस्था के प्रबंध में जिसमें वह रोजगार में है।
6. यह वाक्यांश सत्यापित करने वाली गतिविधियों पर लागू होता है उदाहरण के लिये –

(1) कर अंकेक्षण।
(2) स्कंध विनीमय के सदस्यों का अंकेक्षण।
(3) अन्य वैधानिक अंकेक्षण।

7. सारवान हित का वही आशय है जो आयकर अधिनियम में परिभाषित है।
8. रिश्तेदारों से आशय है : पति/पत्नि, भाई, बहन अथवा अन्य कोई वैधानिक पूर्वत्व तथा अग्रज।
9. वित्तीय विवरणों से आशय है प्रतिवेदन तथा प्रमाणन।

Poser: 77 एक अभ्यासरत् चार्टर्ड लेखाकार ने जो एक कॉलेज में पार्ट–टाईम लेक्चरर है उसका अंकेक्षण स्वीकार कर लिया।

Hint: दुर्व्यवहार (चार्टर्ड लेखाकार अधिनियम द्वितीय अनुसूची के भाग–1 का वाक्यांश 4)

Poser: 78 एक अभ्यासरत् चार्टर्ड लेखाकार ने एक ट्रस्ट के अंकेक्षण को स्वीकार किया जिसमें उनका साझेदार ट्रस्टी है।

Hint: दुर्व्यवहार। (same)

एक चार्टड लेखाकार तथा व्याख्याता जो उसी कॉलेज का अंकेक्षक भी है, द्वितीय अनुसूची के भाग – 1 के वाक्यांश 4 में पेशेगत दुराचरण का दोषी माना जायेगा।

<u>वाक्यांश :– 5</u>

एक अभ्यासरत् चार्टड लेखाकार को पेशेगत दुराचरण का दोषी माना जायेगा यदि –

वह जानते हुये भी वित्तीय विवरणों में ऐसे महत्वपूर्ण तथ्यों को अभिव्यक्त नहीं करता है। जो वित्तीय विवरण बनाते समय आवश्यक थे परंतु जिनका प्रकटीकरण वित्तीय विवरणों को भ्रामक न बनाने के लिये आवश्यक था, जहॉ पर वह अपनी पेशेवर क्षमता में उस वित्तीय विवरण से संबंधित है।

कुछ उदाहरण :–

CA Aseem Trivedi

(1) जहॉ एक चार्टड लेखाकार कंपनी के अंशधारियों को ऋणपत्र न्यास विलेख के अनुसार डूबत निधी के गैर–सृजन के बारे में रिर्पोट करने में असफल रहता है। तथा यह स्पष्ट नहीं करता है कि डूबत निधि की तरफ जो राशि दिखाई जा रही है वह कंपनी के प्रबंधक एजेण्ट से उधार ली गई है।
(2) जहॉ एक चार्टड लेखाकार इस तथ्य को प्रकट नहीं करता है कि भविष्य निधी के नियमों का उल्लंघन करते हुये कंपनी के नियोक्ता को कर्मचारी भविष्य निधी में से एक बड़ी राशि का ऋण दिया गया है तथा ऋण के पुर्नभुगतान में प्राप्त चैक को क्लीयर करने में जो चूक हुई है उस पर रिर्पोट नहीं करता है।

वाक्यांश :– 6

एक अभ्यासरत् चार्टड लेखाकार को पेशेवर दुराचरण का दोषी माना जायेगा यदि –

वह एक वित्तीय विवरण में प्रकट होने वाले सारवान मिथ्यावर्णन को प्रकट करने में असफल रहता है जिससे वह अपनी पेशेवर क्षमता में संबंधित था।
वास्तव में यह वाक्यांश, वाक्यांश 5 का पूरक है।

Poser: 79 एक कम्पनी ने संबंधित विधान की आवश्यकता के अनुसार भास के लिए प्रावधान नहीं किया तथापि अंकेक्षक यह जानता है कि कम्पनी को ह्रास के लिए प्रावधान करना चाहिये उसने इस तथ्य को अपनी रिर्पोट में प्रर्दशित नहीं किया।
Hint: दुर्व्यवहार (चार्टड लेखाकार अधिनियम को द्वितीय अनुसूची के भाग–1 का वाक्यांश (6) तथा (5))

वाक्यांश :– 7

एक अभ्यासरत् चार्टड लेखाकार को पेशेवर दुराचरण का दोषी माना जायेगा यदि –

वह अपने पेशेवर कर्तव्यों के निर्वहन में उचित चौकन्नापन्न नहीं रखता है अथवा सकल लापरवाही बरतता है।
जहॉ एक सदस्य नें बैंक अंकेक्षण पर प्रतिवेदन किया ''हमने हाथ में रोकड़ (cash in hand) का सत्यापन नहीं किया। तथा हमने इस पूर्वानुमान पर चिट्ठे पर हस्ताक्षर कर दिया है, कि बैंक से नकद के संबंध में पुष्टीकरण प्रपत्र प्राप्त हो चुके हैं तथा उनके पास है।'' यह पाया गया कि वह सकल लापरवाही का दोषी है।
जहॉ एक सदस्य बिना यह सत्यापित किये कि लेखा पुस्तकें तथा सांख्यिकीय रिकॉर्डज नहीं है तथा बिना बिकी हुई कॉपियों की वापसी को हिसाब में लिये सांख्यिकीय रिकॉर्ड पर आधारित होकर समाचार पत्र के सर्क्यूलेशन को प्रमाणित करता है उसे सकल लापरवाही का दोषी माना जायेगा।
Poser: 80 एक अभ्यासरत् चार्टड लेखाकार ने लेखा–पुस्तकों का परीक्षण किए बिना ही ऑडिट रिर्पोट जारी कर दी यद्यपि वह तीन वर्षो से कम्पनी का अंकेक्षक है, तथा उसने पाया की पिछले लेखा पुस्तकों में कोई गलती नहीं है।

CA Aseem Trivedi

Hint: दुर्व्यवहार (चार्टड लेखाकार अधिनियम की द्वितीय अनुसूची के भाग 1 का वाक्यांश (7) तथा (8))

Poser: 81 एक चार्टड लेखाकार ने एक समाचार पत्र के सर्किलेशन ऑकड़ो को इस कथन द्वारा प्रमाणित किया कि उसने अन्य बातों के साथ–साथ न्यूज प्रिंट शिट तथा मशीन , रूम विटेन का परीक्षण किया है कि वह पब्लिशर द्वारा मेंटेन नहीं किए जाते है।

Hint: दुर्व्यवहार (चार्टड लेखाकार अधिनियम की द्वितीय अनुसूची के भाग–1 का वाक्यांश (7))

एक पान के पत्तों की बिक्री के संबंध में फर्म के मालिक को चार्टड लेखाकार द्वारा जारी प्रमाणपत्र ने उसे आयात लाईसेंस को प्राप्त कराने में समर्थ किया जबकि वह फर्म पान के पत्तों में डील नही करती थी। चार्टड लेखाकारों ने स्वयं लेखा पुस्तकों की जॉच नहीं की परंतु उनकी शुद्धता के लिये अपने आर्टिकल क्लर्क पर भरोसा किया। उसे द्वितीय अनुसूची के भाग I के वाक्यांश 7 के अंतर्गत सकल लापरवाही का दोषी माना जायेगा।

<u>वाक्यांश :– 8</u>

एक अभ्यासरत् चार्टड लेखाकार को पेशेगत दुराचरण का दोषी माना जायेगा यदि –

ऐसी सूचनाओं को प्राप्त करने में असफल रहता है जो एक राय को अभिव्यक्त करने के लिये आवश्यक है अथवा उसके अपवाद एक राय की अभिव्यक्ति को नकारने के लिये पर्याप्त सारवान है।

एक सदस्य को आवश्यक डाटा तथा सूचना प्राप्त किये बिना राय व्यक्त नहीं करना चाहिये।

डसे अपनी मनाही/मर्यादा/ सुधारात्मक राय को, स्पष्ट रूप से अभिव्यक्त करना चाहिये। न कि अस्पष्ट राय देना चाहिये।

CA Aseem Trivedi

Poser: 82 एक निषेचित (Ban) शाखा के अंकेक्षक ने रिर्पोट दी कि उसने हस्तस्थ रोकड़ को सत्यापित नही किया तथा साथ ही उसने इस पूर्वानुमान के आधार चिट्ठे पर हस्ताक्षर कर दिए की बैंक के साथ उन दोषों के संबंध में पुष्टीकरण पत्र प्राप्त हो चुके है।

Hint: दुर्व्यवहार (चार्टड लेखाकार अधिनियम की द्वितीय अनुसूची के भाग – 1 का वाक्यांश (8))

वाक्यांश :– 9

एक अभ्यासरत् चार्टड लेखाकार को पेशेगत दुराचरण का दोषी माना जायेगा यदि –

वह परिस्थितियों में लागू होने वाली सामान्यतः स्वीकृत अंकेक्षण प्रविधियों की सहायता से किसी सारवान विचलन (material departure) की ओर ध्यान आकर्षित करने में असफल रहता है।

सभी आश्वासन मानक तथा मार्गदर्शक टिप्पणियों का पालन करना चाहिये जब भी सदस्य उसकी सत्यापित गतिविधियों (Attest functions) को पूरा करता है।

उदाहरण :–

एक सदस्य नकद पुस्तक के कुल योग को चैक करता है। परंतु बैंक कॉलम के योग चैक नहीं करता, कॉन्ट्रा एन्ट्रीज को छोड़कर बैंक कॉलम के सभी लेनदेनों को सत्यापित करता है। केवल कुछ खातों को ही चैक किया, एक कमजोर आंतरिक नियंत्रण तथा चैक होते हुए भी टेस्ट चैक का आश्रय लिया, सभी महीनों के लिये बैंक समाधान विवरण का सत्यापन नहीं किया। उसे द्वितीय अनुसूची के भाग I के वाक्यांश (7) , (8) तथा (9) के अंतर्गत पेशेगत दुराचरण का दोषी माना जायेगा।

वाक्यांश :– 10

एक अभ्यासरत् चार्टड लेखाकार को पेशेगत दुराचरण का दोषी माना जायेगा यदि –

वह फीस अथवा पारिश्रमिक अथवा खर्च किये जाने वाले धन के अतिरिक्त अपने ग्राहक से प्राप्त धन को एक बैंक खाते में रखने अथवा उचित समय के भीतर उस धन का प्रयोग उसी उद्देश्य में उपयोग करने में असफल रहता है।

प्रदान की जाने वाली सेवाओं के विरूद्ध सदस्य द्वारा प्राप्त अग्रिम इस वाक्यांश के अंतर्गत नहीं आता।

यह उस खर्च पर लागू नहीं होता जिसे एक उचित अल्पविधि में व्यय करना होता है।

डसे एक पृथक बैंक खाते में, जमा करवाने की भी आवश्यकता नहीं होती।

Poser: 83 एक अभ्यासरत् चार्टड लेखाकार ने अपने नियोक्ता द्वारा स्टॉम्प पेपर क्रय करने तथा एक अलग बैंक खाते में कोर्ट फीस का भुगतान करने लिए दिए गए रू. नहीं रखे यह रू. उसके साथ एक वर्ष से है।

Hint: दुर्व्यवहार। (चार्टड लेखाकार अधिनियम की अनुसूची द्वितीय के भाग – 1 का वाक्यांश – (10))

एक अंकेक्षक ने एक कंपनी में न तो सेंपल टेस्ट किया और न ही बैंक के लेनदेनों का सत्यापन किया। उसने पूरी तरह से एक सीनियर आर्टिकल द्वारा निष्पादित किये गये कार्य पर भरोसा किया। तत्पश्चात् अंकेक्षित खातों से कुछ मिथ्यावर्णन प्रकट हुये। द्वितीय अनुसूची के भाग – I के वाक्यांश 7, 8 तथा 9 के अंतर्गत उसे पेशेगत

CA Aseem Trivedi

दुराचरण का दोषी माना जायेगा। (M.R. Ramnathan v/s utlanath Rao / 1968)

एक चार्टड लेखाकार ने अपने नियोक्ता की से निवेश करने के लिये तथा नियोक्ता की ओर से आवश्यक जमा करने के लिये एक बड़ी राशि प्राप्त की। न तो उसने विनियोग किया और न ही उस धन को एक पृथक बैंक खाते में जमा किया। काउंसिल न`यह निर्णय दिया िकवह द्वितीय अनुसूची के भाग I के वाक्यांश (10) के अनुसार दोषी है जिसे उच्च न्यायालय द्वारा भी स्वीकृति दी गई।

CA Aseem Trivedi

भाग – II

सामान्यतः इंस्टीट्यूट के सदस्यों के संबंध में दुर्व्यवहार

वाक्यांश :– 1

इंस्टीट्यूट का एक सदस्य चाहे वह प्रैक्टिस में हो अथवा न हो पेशेगत दुर्व्यवहार का दोषी माना जायेगा यदि वह –

इस अधिनियम के प्रावधानों अथवा इसके अंतर्गत बनाये गये विनियमों अथवा काउंसिल द्वारा जारी की गई मार्गदर्शक टिप्पणीयों का उल्लंघन करता है।

इस वाक्यांश के अंतर्गत सदस्य द्वारा किया गया कोई भी उल्लंघन चाहे वह प्रावधानों का हो अथवा विनियमों का हो उसे दुर्व्यवहार माना जायेगा।

अधिनियम के कुछ प्रावधान निम्नलिखित है जिसका ध्यान रखना प्रत्येक सदस्य के लिये आवश्यक है।

कंपनियॉ जो अभ्यास में लिप्त नहीं हो सकती।

धारा 25

क्पनी अधिनियम, 1956 की धारा कहती है कि एक कंपनी चाहे उसका समामेलन भारत में हुआ है अथवा कहीं भी एक चार्टड लेखाकार के रूप में अभ्यास नहीं कर सकता।

शाखा कार्यालय का रखरखाव (धारा 27)

शाखा कार्यालय को उस जगह के रूप में परिभाषित किया गया है जहॉ फर्म के नाम का एक बोर्ड लगा हो अथवा जिसे किसी भी व्यवसायिक स्टेशनरी पर व्यापार के स्थान के रूप में दर्शाया गया हो। इस प्रकार से एक चार्टड लेखाकार अपने नाम की नेम प्लेट स्वयं को पर चार्टर्ड लेखाकार के रूप में दर्शा सकता था। किन्तु फर्म के नाम की नेम प्लेट अपने निवास स्थान पर नहीं लगा सकता। यदि वह ऐसा करता है तो उस स्थान को भी शाखा कार्यालय माना जाएगा।

अधिनियम की धारा 27 के अनुसार एक चार्टर्ड लेखाकार जो प्रेक्टिस में है अथवा अभ्यासरत् चार्टर्ड लेखाकारों की एक फर्म भारत में एक से अधिक कार्यालय रख सकते है बशर्ते ऐसे प्रत्येक कार्यालय के लिए इंस्टीट्यूट के एक सदस्य को पृथक चार्ज देना होगा।

इसके अतिरिक्त यह भी बताया गया है कि काउंसिल किसी भी अभ्यासरत् चार्टर्ड लेखाकार अथवा चार्टड लेखाकारों की एक फर्म को उचित परिस्थितियों में इस उपधारा का पालन करने से मुक्त कर सकती है।

यह प्रत्येक ऐसे अभ्यासरत् चार्टर्ड लेखाकार अथवा फर्म का कर्तव्य है जो एक से अधिक कार्यालय रखते है वह कार्यालयों की उन व्यक्तियों की एक सूची को भेजे जिनके पास कार्यालय का चार्ज है। तथा इसके अलावा इनसे संबंधित किसी भी परिवर्तन को काउंसिल को सूचित करे।

एक दूसरे कार्यालय को बिना किसी पूर्णकालीन प्रभारी के बिना भी खोला जा सकता है यदि –

1. दूसरा कार्यालय एक ही भवन में स्थित है अथवा।
2. दूसरा कार्यालय एक ही शहर में स्थित है अथवा।
3. दूसरा कार्यालय उस शहर की नगर पालिका सीमा से पचास कि.मी. की दुरी पर स्थित है, जिस शहर में प्रथम कार्यालय स्थित है।

काउंसिल जनरल गाइड–लाईन 2008

वर्तमान में ICAI की काउंसिल ने चार्टड लेखाकार अधिनियम 1949 की द्वितीय अनुसूची के भाग – 2 के वाक्यांश (ii) के अंतर्गत जारी की गई सूचना पर रोक लगाई तथा निम्नांकित मार्गदर्शक टिप्पणीयॉ जारी कि जिसे काउंसिल गाईड लाईन 2008 कहा गया।

1. जब एक चार्टड लेखाकार रोजगार में है –

जब एक चार्टड लेखाकार रोजगार में है त बवह अपने नियोक्ता की ओर से अपने कर्तव्यों का पालन करने में उचित सर्तकता बर्तेगा तथा सकल लापरवाही से काम नहीं करेगा।

2. लागत अंकेक्षक के रूप में सदस्य की नियुक्ति –

CA Aseem Trivedi

1. इंस्टीट्यूट का एक सदस्य कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 233(B) के अंतर्गत एक कम्पनी के लगाव अंकेक्षक के रूप नियुक्त नहीं हो सकता जब वह –

A. ज बवह कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 224 के अनुसार कम्पनी के अंकेक्षक के रूप में नियुक्त है।

B. वह कम्पनी का अधिकारी अथवा कर्मचारी है अथवा

C. वह कम्पनी के किसी अधिकारी अथवा कर्मचारी का सदस्य है

D. अथवा वह कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 224 के अंतर्गत नियुक्त कम्पनी अंकेक्षक के रोजगार में है अथवा उसका साझेदार है। अथवा

E. वह कम्पनी का 1,000 रू. से अधिक का ऋणी है अथवा किसी तृतीय पक्षकार की ओर से उसने कम्पनी को 1,000 रू. से अधिक की गारंटी दी है।

2. लागत अंकेक्षक के रूप में अपनी नियुक्ति के पश्चात् उपरोक्त मद 1 के (A) से (B) में वर्णित किसी अयोग्यता को धारण करने के पश्चात् भी लागत अंकेक्षक के रूप में निरंतर कार्य करता है।

इंस्टीट्यूट का एक सदस्य जो कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 233(B) के अंतर्गत लागत अंकेक्षक का कर्मचारी है, कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 224 के अंतर्गत अंकेक्षक का पद स्वीकार नही कर सकता।

3. वित्तीय विवरणों पर राय जहा सारवान हित हो –

इंस्टीट्यूट का एक सदस्य ऐसे किसी भी व्यापार अथवा उपक्रम के वित्तीय विवरणों पर अपनी राय व्यक्त नहीं कर सकता जिसमें उसके एक अथवा एक से अधिक रिश्तेदार है, चाहे वह स्वयं अथवा संयोजन में उस सदस्य के साथ उपरोक्त व्यवसाय अथवा उपक्रम में सारवान हित रखते हों।

इस उद्देश्य हेतू चार्टड लेखाकार अधिनियम, 1949 की द्वितीय अनुसूची के भाग I के वाक्यांश (4) के पालने के उद्देश्य हेतु मद ''सारवान हित'' का वही आशय होगा जो चार्टड लेखाकार विनियमन, 1988 में दिया गया है। तथा ''रिश्तेदार'' का वही आशय होगा जो कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 6 में परिभाषित है।

4. लेखा पुस्तकों का रखरखाव –

इंस्टीट्यूट का एक सदस्य जो प्रैक्टिस में है अथवा चार्टड लेखाकारों की एक फर्म जिसका वह साझेदार है, उसे अपनी पेशेवर प्रैक्टिस के संबंध में निम्न को शामिल करते हुये उचित लेखा पुस्तकों को रखना चाहिये –

1. एक नकद बही।
2. एक लेजर। (खाताबही)

5. आयकर अधिनियम 1961 की धारा 44AB के अंतर्गत कर अंकेक्षण –

आयकर अधिनियम 1961 की धारा 44AB के अंतर्गत इंस्टीट्यूट का एक सदस्य जो अभ्यास में है एक वित्तीय वर्ष में कर अंकेक्षण की 'विनिर्दिष्ट संख्या' से अधिक अंकेक्षण को स्वीकार नहीं कर सकता। (अर्थात 45 कर अंकेक्षण नियुक्तियॉ चाहे वह निगमित करदाता का हो या अनिगमित करदाता का)

CA Aseem Trivedi

यह प्रदान किया गया है कि अभ्यासरत् चार्टड लेखाकारों की एक फर्म की दशा में यह सीमा प्रत्येक साझेदार के लिए गिनी जाएगी।

जबकि फर्म के लिए इस सीमित संख्या की गणना करते समय यदि किसी साझेदार ने कुछ कर रिर्पोट पर अपनी व्यक्तिगत क्षमता में अथवा किसी अन्य फर्म के साझेदार की क्षमता में हस्ताक्षर किए है तो उन्हे भी शामिल नही किया जाएगा बशर्ते ऐसे अंकेक्षण आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 44AD , 44AE , 44AF के अंतर्गत किए गए हो।

इन अंकेक्षणों को कर अंकेक्षण की विर्निर्दष्ट संख्या की गणना हेतु शामिल नहीं किया जाएगा।

''कर अंकेक्षण नियुक्ति की विनिर्दिष्ट सीमा'' में प्रत्येक वर्ष के अंकेक्षण को एक पृथक नियुक्ति के रूप में लिया जाएगा।

एक व्यापारिक संस्था के प्रधान कार्यालय तथा शाखा कार्यालय को एक अंकेक्षण कार्य माना जाएगा।

एक ही व्यापारिक संस्था की एक अथवा एक से अधिक शाखाओं का एक अभ्यासरत् चार्टड लेखाकार द्वारा अंकेक्षण केवल एक कर अंकेक्षण माना जाएगा।

एक चार्टड लेखाकार जो एक फर्म अंशकालीन अभ्यासरत् साझेदार है उसे कर अंकेक्षण के उद्देश्य हेतू गणना में शामिल नहीं किया जाएगा।

एक अभ्यासरत् चार्टड लेखाकार को उसके द्वारा एक वित्तीय वर्ष में स्वीकार किए गए अंकेक्षण के रिर्काड उस फॉर्मेट अथवा प्रारूप में रखना चाहिए जिसे काउंसिल द्वारा निर्धारित किया जाता है।

Diagram

6. अविवादित फीस का भुगतान न करने की दशा में एक अंकेक्षक की नियुक्ति –

इंस्टीट्यूट का एक सदस्य जो अभ्यास में है एक ऐसे उपक्रम के अंकेक्षक के रूप में अपनी नियुक्ति को स्वीकार नहीं कर सकता जिसमें कम्पनी अधिनियम 1956 के अंतर्गत किसी अन्य चार्टड लेखाकार को उसके द्वारा किए गए वैधानिक अंकेक्षण की फीस अथवा अन्य वैधानिक राशियों का भुगतान नहीं किया गया है।

परन्तु ऐसा उपक्रम जहॉ एक सीक ईकाई (Sick unit) (जहॉ शुद्ध सार्मथ्य ऋणात्मक हो) के लिए नियुक्ति का प्रस्ताव है तो स्वीकृति के लिए उपरोक्त प्रतिबंध लागू नहीं होगा।

सामान्यतः अविवादित फीस से आशय है कि वित्तीय विवरणों में फीस बताई गई है। तथा वित्तीय विवरण पर अंकेक्षक तथा अंकेक्षण कराने वाले व्यक्ति दोनो द्वारा हस्ताक्षर हो जाते है।

CA Aseem Trivedi

7. अंकेक्षण कार्यो की निर्दिष्ट संख्या –

कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 224 और 228 के अंतर्गत इंस्टीट्यूट का सदस्य जो अभ्यास में है अंकेक्षण कार्यो की निर्दिष्ट संख्या से अधिक की नियुक्ति स्वीकार नही कर सकता। अर्थात् तीस कम्पनी अंकेक्षण चाहे वह निजी हो अथवा कम्पनी अधिनियम 1956 के अंतर्गत अन्य कम्पनी हो। यह प्रदान किया गया है कि एक अभ्यासरत् चार्टड लेखाकारों की एक फर्म की दशा में यह सीमा फर्म के प्रत्येक साझेदार के लिए गिनी जाएगी।

जबकि एक फर्म के लिए इस सीमा की गणना करते समय यदि कोई साझेदार कुछ कम्पनी अंकेक्षण की रिर्पोट पर अपनी व्यक्तिगत क्षमता में अथवा किसी अन्य फर्म के साझेदार की क्षमता की दशा में करता है। तो उसे शामिल नहीं किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त यह भी प्रदान किया गया है कि ऐसे तीस अंकेक्षण नियुक्तियों में से उन कम्पनियों की संख्या दस से अधिक नही होगी। जिनकी पूर्णदत्त अंशपूँजी पच्चीस लाख रू. अथवा उससे अधिक है।

इस प्रकार की गणना करते समय एक कम्पनी के प्रधान कार्यालय तथा शाखा कार्यालय के अंकेक्षण को एक अंकेक्षण माना जाएगा। परन्तु दुसरी तरफ उसी कम्पनी की एक अथवा एक से अधिक शाखाओं का अंकेक्षण एक अभ्यासरत् चार्टड लेखाकार द्वारा किया जाता है। अथवा अभ्यासरत् चार्टड लेखाकारों की एक फर्म द्वारा किया जाता है जिसमें वह एक साझेदार है, उसे केवल एक अंकेक्षण माना जावेगा।

साझेदारों की संख्या की गणना करते समय एक फर्म के उन्हीं साझेदारों को गिना जाएगा जो अंकेक्षण नियुक्ति की स्वीकृति की तिथि पर साझेदार था।

इसके अतिरिक्त कोई अन्य साझेदार चाहे वह पूर्णकालीन अथवा अंशकालीन रोजगार/अभ्यास में हो को नहीं गिना जाएगा।

एक अभ्यासरत् चार्टड लेखाकार अथवा अभ्यासरत् चार्टड लेखाकारों की एक फर्म द्वारा अथवा फर्म के किसी साझेदार द्वारा अपने व्यक्तिगत नाम में अथवा किसी अन्य फर्म के साझेदार के नाम में स्वीकृति अंकेक्षण नियुक्तियों के रिकॉर्ड निर्धारित प्रारूप में रखेगी।

8. वैधानिक अंकेक्षक के रूप में नियुक्ति –

इंस्टीट्यूट का एक सदस्य जो प्रेक्टिस में है किसी भी ऐसे –

A. सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम।

B. सरकारी कम्पनी।

C. सूचीगत कम्पनी तथा।

D. अन्य सार्वजनिक कम्पनियों के।

वैधानिक अंकेक्षक के रूप में अपनी नियुक्ति को स्वीकार नहीं कर सकता जिनका आर्वत एक वर्ष में पचास करोड़ रू. अथवा उससे अधिक हो।

CA Aseem Trivedi

उपरोक्त प्रतिबंधवैधानिक अंकेक्षक तथा उसकी सहयोगी संस्थान को एक साथ किसी अन्य कार्य/कार्यो अथवा सेवाओं अथवा नियुक्तियों के लिये भुगतान किये जाने वाली फीस के संबंध में लागू होंगे।

उपरोक्त उद्देश्य के लिये –

1. मद ''अन्य कार्य'' अथवा ''सेवाएँ'' अथवा ''नियुक्तियों'' में शामिल है सभी प्रबंधकारी सलाहें तथा अन्य सभी व्यापारिक सेवाएँ जिन्हे चार्टड लेखाकार अधिनियम 1949 की धारा 2 (2) (iv) के अनुसार काउंसिल द्वारा स्वीकृति दी गई है, किन्तु निम्न शामिल नहीं है।
   - A. किसी अन्य विधान के अंतर्गत अंकेक्षण।
   - B. प्रमाणित कार्य जिन्हें वैधानिक अंकेक्षक द्वारा किया जाना आवश्यक है।
   - C. एक प्राधिकरण के सामने विवरण (Representation)
2. मद ''सहयोगी व्यापारिक संस्थान'' (Associate Concern) से आशय है कोई निगमित निकाए अथवा साझेदारी फर्म जो (काउंसिल द्वारा स्वीकृत) प्रबंधकारी परामर्श तथा अन्य व्यापारिक सेवाएं प्रदान करती है। जहॉ प्रोपराइटर तथा/अथवा वैधानिक अंकेक्षण फर्म का साझेदार तथा/अथवा उसके रिश्तेदार उपरोक्त निगमित निकाए तथा साझेदारी फर्म में निदेशक अथवा साझेदार है अथवा व्यक्तिगत रूप से अथवा संयुक्त रूप से सारवान हित रखते है।
3. मद ''रिश्तेदार'' तथा ''सारवान हित'' का वही आशय है जो चार्टड लेखाकार विनियमन, 1988 के अपेन्डिक्स 9 के अंतर्गत परिभाषित किया गया है।

CA Aseem Trivedi

09. **एक अंकेक्षक की नियुक्ति जब वह संस्था का ऋणी है :–**

इंस्टीट्यूट का एक सदस्य अथवा एक फर्म का साझेदार अथवा एक फर्म जो अभ्यास में है एक ऐसी संस्था में अंकेक्षक के रूप में अपनी नियुक्ति स्वीकार नही कर सकता जिसका वह ऋणी है अथवा जिसमें उसने किसी तृतीय पक्षकार के ऋण के लिए कोई ग्यारण्टी प्रदान की है।

विधान में यह सीमा एक कम्पनी की दशा में 1,000 रू. तय की गई है। तथा अन्य दशा में यह सीमा 10,000 रू. है।

10. **अंकेक्षक को अनुचित तरीके से हटाए जाने की दशा में दिशा निदेश :–**

इंस्टीट्यूट के एक सदस्य को जो अभ्यास में है काउंसिल अथवा एक उचित समिति अथवा उनमें से किसी ओर की तरफ से दिए दिशा निर्देशों का पालन करना चाहिए।

पूर्व अंकेक्षक को अनूचित तरीके से हटाए जाने की दशा में, एक आने वाले अंकेक्षक के नाते उसको अंकेक्षक के रूप में अपनी नियुक्ति को स्वीकार नही करना चाहिए।

11. अंकेक्षक के संबंध न्यूनतम अंकेक्षण फीस :–

इंस्टीट्यूट का एक सदस्य जो प्रेक्टिस में है वह स्वयं अथवा अपनी फर्म की ओर से (जिसमें वह साझेदार है) नीचे दी गई न्यूनतम अंकेक्षण फीस से कम फीस पर अंकेक्षण कार्य को स्वीकार नही कर सकता। (इसमें खर्चो की क्षतिपूर्ति शामिल नहीं है, यदि कोई हो तो)

A. एक फर्म जिसमें पॉच या पॉच से अधिक साझेदार है किन्तु दस से कम है तथा जिनमें से किसी एक को COP धारण किए पॉच साल अथवा उससे अधिक हो गए है।

B. एक फर्म जिसमें दस अथवा दस से अधिक साझेदार है जिसमें से किसी एक हो COP धारण किए हुए पॉच साल अथवा अधिक हो गए है।

यह प्रदान किया गया है कि ऐसा प्रतिबंध निम्नांकित के संबंध में लागू नही होगा।

1. धर्माथ संस्थान, क्लब प्रोविडेन्ट फन्ड, इत्यादि के खातों का अंकेक्षण जहॉ नियुक्ति बगैर वेतन के है।
2. बैंक की शाखाओं का वैधानिक अंकेक्षण, क्षेत्रीय ग्रामीण शाखाओं को शामिल करते हुए।
3. एक ऐसे नए उपक्रम का अंकेक्षण जिसे प्रारंभ हुए केवल दो वर्ष हुए है जिस दिन से उसने अपने व्यापार का समामेलन किया है।
4. वैधानिक अंकेक्षक द्वारा आयकर अधिनियम के अंतर्गत अंकेक्षण अथवा प्रमाणीकरण अथवा सत्यापित किया जाने वाला कोई अन्य कार्य।
5. विक्रय कर अंकेक्षण और वेट अंकेक्षण

	पॉच अथवा पॉच से अधिक साझेदार किन्तु दस से कम	दस अथवा अधिक साझेदार
1. पिछली जनगणना के अनुसार जिस शहर की जनसंख्या तीन मिलियन तथा उससे अधिक है।	6000 रू. प्रतिवर्ष	12,000 रू. प्रतिवर्ष
2- पिछली जनगणना के अनुसार जिस शहर की जनसंख्या तीन मिलियन से कम है।	3,500 रू. प्रतिवर्ष	8,000 रू. प्रतिवर्ष

ICAI Guidelines No-1-CA(7)/ council Guidelines/01/2008

Date : 14th May, 2008

एक अभ्यासरत् चार्टड लेखाकार के लिये विज्ञापन हेतु मार्गदर्शक टिप्पणीयॉ

चार्टड लेखाकार अधिनियम, 1949 की प्रथम अनुसूची के भाग I के वाक्यांश 7 के अनुसार जारी –

CA Aseem Trivedi

एक सदस्य Write up selling out द्वारा काउंसिल द्वारा जारी की गई निम्नांकित मार्गदर्शक टिप्पणी के अधीन स्वयं अथवा फर्म के विवरण तथा प्रदान की जाने वाली सेवाओं का विज्ञापन कर सकता है।

तथा इस प्रकार से प्रकाशित कर सकता है जिससे उसके पेशे की प्रतिष्ठा तथा गौरव बना रहे तथा जनता के हित में अपनी काबिलियत पहुँचा सके।

1. सदस्यों अथवा फर्म को इस बात को सुनिश्चित कर लेना चाहिये कि उनके द्वारा दिये गये विवरण के सभी बिन्दु उनकी जानकारी के हिसाब से सत्य तथा विश्वसनीय है। तथा इस गाईडलाइन के अनुकूल है। एवं सावधान रहना चाहिये कि सदस्य या फर्म की किसी भी गलत जानकारी के लिये किसी भी विषय वस्तु तथा दावे के लिये जो किसी भी फर्म अथवा सदस्य द्वारा दिया गया है, इंस्टीट्यूट जिम्मेदार नहीं है।

2. परिभाषा :–

इस गाईडलाइन के उद्देश्य हेतु :–

(1) ''अधिनियम'' से आशय है चार्टड लेखाकार अधिनियम, 1949।

(2) ''इंस्टीट्यूट'' से आशय है इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टड एकाउण्टेण्टस ऑफ इंडिया।

(3) "Write up" से आशय है गाईड लाइन में सूचना के अनुसार लिखित विवरण जिसे किसी अभ्यासरत् चार्टड लेखाकार अथवा फर्म द्वारा चाहे उसे मुद्रित करके अथवा किसी इलेक्ट्रॉनिक तरीके से अथवा अन्यथा तरीके से गाईडलाईन के अनुसार समाचार पत्र , जर्नल , मैंगजीन तथा वेबसाइड पर (pull or push तरीके से) जारी, प्रकाशित अथवा सर्क्यूलेंट कराया गया है।

3. "Write up" में केवल निम्नांकित सूचनाओं को ही शामिल किया जा सकता है:–

A. सदस्यों के लिये :–

(1) नाम ..... चार्टड लेखाकार
(2) इंस्टीट्यूट के साथ सदस्यता क्रमांक
(3) आयु
(4) ACA बनने की तारीख
(5) FCA बनने की तारीख
(6) COP प्राप्त करने की तारीख
(7) मान्य योग्यताएँ
(8) भाषा
(9) दुरभाष / मोबाईल / फेक्स नं.
(10) वेब
(11) व्यापारिक पता
(12) फाटो (पासर्पोट साईज)
(13) CA लोगो

CA Aseem Trivedi

(14) ई–मेल

Write up में हस्ताक्षर, सदस्य का नाम/साझेदार का नाम जो फर्म की ओर से हस्ताक्षर कर रहा है, स्थान तथा दिनांक होना चाहिये।

(15) कर्मचारियों का विवरण

अ. चार्टड लेखाकार

ब. अन्य पेशेवर

स. आर्टिकल्स/अंकेक्षण सहायक

द. अन्य कर्मचारी

(16) कर्मचारियों का नाम तथा विवरण जिसकी (सदस्यों के लिये) स्वीकृति है।

(17) प्रदान की गई सेवायें।

B. फर्म के लिये :–

01. फर्म का नाम ..... चार्टड लेखाकार
02. स्थापना का वर्ष
03. व्यापारिक पता/पते
04. कार्य के घण्टे
05. दुरभाष/मोर्बाइल/फेक्स नं.
06. वेब पता
07. ई–मेल
08. साझेदारों की संख्या
09. प्रोपराईटर/साझेदारों का नाम, उनका विवरण, पासर्पोट साईज फोटो जैसा कि सदस्य के लिये अनुमति है।
10. CA लोगो
11. कर्मचारियों की संख्या –

अ. चार्टड लेखाकार

ब. अन्य पेशेवर

स. आर्टिकल्स/अंकेक्षण सहायक

द. अन्य कर्मचारी

12. फर्म का रजिस्ट्रेशन नं.
13. फर्म के कर्मचारियों का नाम तथा उनका विवरण
14. प्रदान की गई सेवाएँ

4. अन्य शर्ते :–

01. "Write up" असत्य तथा भ्रामक नहीं होना चाहिये तथा जो पेशे को बदनाम करे।

02. "Write up" ऐसा नहीं होना चाहिये जो किसी सदस्य/फर्म पर विशिष्टता का दावा करे।

03. "Write up" अशोभनीय, सनसनीपूर्ण तथा इस प्रकृति का नहीं होना चाहिये जो पेशे को बदनाम करे।

CA Aseem Trivedi

04. “Write up” में सदस्य से संबंधित प्रशंसा पत्र तथा पुष्टि का समावेश नहीं होना चाहिए।

05. “Write up” में ऐसा कोई विवरण शामिल नहीं होना चाहिये जो एक व्यक्ति को गुमराह करने अथवा धोखा देने का कारण बने।

06. “Write up” से अधिनियम के प्रावधानों, चार्टड लेखाकारों विनियमन 1988 के अंतर्गत बनाये गये नियमों का उल्लंघन नहीं होना चाहिए।

07. “Write up” में किसी भी भूतपूर्व अथवा भावी नियोक्ताओं/क्लाइंट के नाम शामिल नहीं होना चाहिये।

08. “Write up” 14 से ज्यादा की फोन्ट साईज में नहीं होना चाहिए।

09. “Write up” में उपरोक्त पैरा के अतिरिक्त किसी अन्य सूचना का समावेश नहीं होना चाहिए।

10. “Write up” में उपलब्धियों/पुरस्कार अथवा अन्य किसी पद की सूचना का समावेश नहीं होना चाहिये।

11. धारा 3(A) तथा 3(B) के पैरा (ii) के अनुसार आवश्यक सूचना का विवरण देना अनिवार्य है।

Poser: 84 एक अभ्यासरत् लेखाकार ने एक ऐसा कन्सर्न के अंकेक्षण को स्वीकार कर लिया जिसमें इसके एक रिश्तेदार का सारवान हित है।

Hint: दुर्व्यवहार/चार्टड लेखाकार अधिनियम की द्वितीय अनुसूची के भाग – I का वाक्यांश – (2) परिषद को सामान्य मार्गनिर्देशन 2008 के अनुसार।

Poser: 85

Hint: दुर्व्यवहार (same)

Poser: 86

Hint: (same)

Poser: 87 एक अभ्यासरत् चार्टड लेखाकार अपनी प्रोफेशनल प्राप्तियों की कोई रिकॉर्ड नहीं रखता है।

Hint: (same)

Poser: 88 एक चार्टड लेखाकार जिसने अभ्यास का प्रमाण–पत्र प्राप्त नहीं किया है। आयकर अधिनियम धारा 44AB के अंतर्गत एक कन्सर्न के कर अंकेक्षण को स्वीकार कर लिया।

Hint: (same)

CA Aseem Trivedi

Poser: 89 एक अभ्यासरत चार्टड लेखाकार ने एक कम्पनी में एक अंकेक्षक के रूप अपनी नियुक्ति को स्वीकार कर लिया जिसमें उसके एक रिश्तेदार का सावनि हित है तथा उसने अपने अंकेक्षण रिर्पोट में इस तथ्य का प्रकृटी नही किया।

Hint: (same)

Poser: 90 एक अभ्यासरत चार्टड लेखाकार ने एक फर्म से 20,000 रू. का ऋण लिया जिसमें उसके एक आर्टिकल क्लर्क तथा पिता का हित है।

Hint: दुर्व्यवहार (चार्टड लेखाकार अधिनियम की द्वितीय अनुसूची के भाग 2 का वाक्यांश (1)) नियमों का उल्लंघन।

Poser: 91 A तथा B दो अभ्यासरत चार्टड लेखाकारों ने ''टीक्स एण्ड टीक्स प्राईवेट लिमिटेड'' चार्टड लेखाकार फर्म को समामेलित किया जिसका प्रमुख उद्देश्य लेखांकन तथा अंकेक्षण व्यवसाय है।

Hint: दुर्व्यवहार (same) धारा 25 का उल्लंघन।

Poser: 92 एक अभ्यासरत चार्टड लेखाकार जो पॉच से अधिक आर्टिकल नहीं रख सकता है। तथा जिसके पास पहले से ही पॉच आर्टिकल है x को यह दर्शाता है कि उसके पास एक वेकेन्सी है। तथा उस पर दबाव डालता है, तथा उस पर एक औपचारिक विलेक की संचारित करके दबाव डालता है। A अनियमित उपस्थिति के लिए पांचवे आर्टिकल क्लर्क की आर्टिकलशीप को रद्द कर देता है बिना संस्थान को संदर्भित किये।

Hint: (same)

Poser: 93 मि. x एक कंपनी के लागत अंकेक्षक के रूप में अपनी नियुक्ति को स्वीकार कर लेता है जिसमें वह धारा 224 के अंतर्गत एक अंकेक्षक नियुक्त किया गया है।

Hint: (same) परिषद् के सामान्य मार्गनिर्देशन 2008 के अनुसार।

Poser: 94 मि. Y ने जिनके पास 44 कर अंकेक्षण के असाईमेन्ट है। अनिगमित उपक्रम के दो और कर अंकेक्षण को स्वीकार कर लिया।

Hint: दुर्व्यवहार (same)

Poser: 95 एक बड़ी चार्टड लेखाकार फर्म MMM & co. में 10 साझेदार है। सभी FCA साझेदारों ने अनिगमित करदाताओं के कर अंकेक्षण को 1500 रू. प्रतिवर्ष के आधार पर स्वीकृत कर लिया।

Hint: दुर्व्यवहार नहीं है, कर अंकेक्षण मुक्त है (चार्टड लेखाकार की द्वितीय अनुसूची के भाग II का वाक्यांश I) परिषद् की सामान्य दिशा–निर्देश 2008 के अनुसार।

Poser: 96 आपका उत्तर क्या होगा यदि सभी साझेदार ACA है ?

Hint: दुर्व्यवहार नहीं।

Poser: 97 मि. B वर्ष 2007–08 के लिये A लि. के चिट्ठे पर इस आधार पर हस्ताक्षर करने से मना कर दिया कि चूँकि वर्ष 2007–08 के लिये पिछले अंकेक्षक की फीस अदत्त है इसलिये वह हस्ताक्षर नहीं कर सकता।

CA Aseem Trivedi

Hint: दुर्व्यवहार, (चा. ले. अ. की द्वितीय अ. के भाग II का वाक्यांश I) परिषद के सामान्य निर्देश 2008 के अनुसार

Poser: 98 मि. A ने इन्दौर नगर पालिका निगम का अंकेक्षण स्वीकार किया जिसमें पिछले बीस वर्षो से उनका 12,000 रू. की राशि का विवादित संपत्ति कर लंबित पड़ा हुआ है।

Hint: दुर्व्यवहार (same)

<u>वाक्यांश :– 2</u>

किसी कंपनी, फर्म अथवा व्यक्ति का कर्मचारी जो अपने नियोजन के दौरान प्राप्त किसी गोपनीय सूचना को प्रकट करता है जब तक ऐसा करना समय के प्रभाव में किसी कानून द्वारा आवश्यक न हो अथवा जब तक नियोक्ता द्वारा ऐसी अनुमति न दी गई हो।

Poser: 99 अपनी सेवाएँ दे रहा एक चार्टड लेखाकार को उस दौरान कंपनी की उत्पादन प्रविधी की जानकारी प्राप्त होती है। जिसकी विस्तृत जानकारी वह एक अन्य कंपनी के नियोक्ता को दे देता है जो उसका मित्र है। उसे इस बात का बिल्कुल ज्ञान नहीं था कि वह कंपनी इस सूचना का लाभ उठा सकती है। यद्यपि यह जानता था कि

Hint: दुर्व्यवहार (चा. ले. अ. की द्वितीय अनुसूची के भाग II का वाक्यांश 2)

<u>वाक्यांश :– 3</u>

इंस्टीट्यूट काउंसिल अथवा इसकी कोई समिति, निदेशक (अनुशासन), बोर्ड अनुशासन समिति, गुणवत्ता समीक्षा बोर्ड अथवा अपीलीय प्राधिकरण कोई ऐसी सूचना, विवरण, फॉर्म तथा विवरणी देता है जो असत्य है।

Poser: 100 एक चार्टड लेखाकार ने अपने आर्टिकल क्लर्क द्वारा पढ़ाई के लिये आज्ञा प्राप्त करने के लिये किये गये आवेदन को ICAI को सबमिट किया तथा पुष्टि की कि कार्यालय के सामान्य कार्य के घण्टे सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक हैं तथा वह घण्टे जिनके दौरान आर्टिकल क्लर्क को क्लास करना आवश्यक है वह सुबह 7 बजे से 9.30 बजे तक है। यद्यपि आर्टिकल क्लर्क एक साल के लिये पूरे सप्ताह सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक क्लास अठेण्ड करता है।

Hint: दुर्व्यवहार, (चा. ले. अ. की द्वितीय अ. के भाग II का वाक्यांश 3)

Poser: 101 एक अभ्यासरत चार्टड लेखाकार ने अपने अभ्यास के प्रमाणपत्र का नवीनीकरण कराते समय यह दर्शाया कि वह किसी अन्य व्यवसाय अथवा रोजगार में नहीं है जबकि वास्तव में वह एक व्यावसायिक फर्म में साझेदार है।

Hint: दुर्व्यवहार (same)

<u>वाक्यांश :– 4</u>

यदि अपनी पेशेवर क्षमता में प्राप्त किसी धन का दुरूपयोग अथवा गबन करता है।

CA Aseem Trivedi

भाग – III

इंस्टीट्यूट के सदस्यों के संबंध में सामान्यतः अन्य दुर्व्यवहार

इंस्टीट्यूट का एक सदस्य चाहे वह अभ्यास में हो अथवा नहीं अन्य दुर्व्यवहार का दोषी माना जायेगा यदि उसे एक अपराध के लिये किसी दिवानी अथवा अपराधी न्यायालय द्वारा दोषी पाया गया है जो 6 माह से अधिक की अवधि के लिये सजा योग्य है।

Recommended Self – regulatory Measures

आशय :– अनुशंसित स्वयं – विनियमक माप।

पेशे की स्वस्थ वृद्धि तथा सदस्यों के मध्य पेशेवर कार्य के समान प्रवाह को सुनिश्चित करने का माप।

स्वयं विनियमक माप अनुशंसित है।

शाखा अंकेक्षण

यह अनुशंसित किया गया है कि प्रधान अंकेक्षक को दस अथवा अधिक सदस्यों को मिलाकर एक कंपनी के शाखाओं का अंकेक्षण नहीं करना चाहिये। परंतु दस सदस्यों से कम सदस्यों से मिलकर बनी स्थानीय अंकेक्षण फर्म द्वारा किया जाना चाहिये।

इसका उद्देश्य कंपनी अधिनियम 1956 के अंतर्गत प्रदत्त शाखा खातों पर पहुँच रखने वाले वैधानिक अंकेक्षकों पर प्रतिबंध लगाना नहीं है।

यह प्रतिबंध निम्न मामलों पर लागू नहीं होगा –

01. जहॉ शाखा के लेखों तथा रिकॉर्ड्स का रखरखाव प्रधान कार्यालय में किया जाता है।

02. जहॉ एक उपक्रम अथवा एक कंपनी के महत्वपूर्ण परिचालन को शाखा कार्यालय द्वारा किया जाता है।

संयुक्त अंकेक्षण

यह अनुशंसा की गई है कि बड़ी कंपनियों के मामलें में पॉच से कम सदस्यों वाली एक ऐसी फर्म को (जो प्रैक्टिस में हैं) संयुक्त अंकेक्षक के रूप में जोड़ने के व्यवहार को प्रोत्साहित किया जाना चाहिये।

जहॉ एक क्लाइंट इस प्रकार की फर्म को संयुक्त अंकेक्षक के रूप में नियुक्त करने की इच्छा रखता है वहॉ वरिष्ठ फर्मो को इससे कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिये।

योग्य तथा अयोग्य कर्मचारियों के मध्य अनुपात

काउंसिल की राय में, कि अंकेक्षण कार्य में लिपत एक अभ्यासरत चार्टड लेखाकारों की फर्म में प्रत्येक पॉच अयोग्य सदस्यों के पीछे एक योग्य सदस्य होना चाहिये, आर्टिकल, अंकेक्षक क्लर्क, टाईपिस्ट, चपरासी तथा अन्य व्यक्ति जो पेशेवर कार्य में सीधे लिप्त नहीं है को शामिल न करते हुये।

अन्य फर्मो में अंकेक्षको द्वारा हित का प्रकटीकरण

एक स्वस्थ तथा अच्छे व्यवहार के लिये काउंसिल ने सिफारिश की है कि अंकेक्षकों को विभिन्न फर्म जिनमें उक्त अंकेक्षक या तो साझेदार या प्रोपराईटर हो सकता है के

CA Aseem Trivedi

माध्यम के जरिये अन्य सेवाओं के लिये उनके द्वारा प्राप्त किये गये भुगतान का प्रकटीकरण करना चाहिये।

शुल्क पर सीमा

एक अभ्यासरत सदस्य की पेशेवर स्वतंत्रता को सुनिश्चित करने के लिए जहॉ तक संभव हो इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि वह फर्म जिसमें वह साझेदार है उसके द्वारा, उसके साझेदार द्वारा व्यक्तिगत रूप से तथा उन फर्म अथवा फर्मो के द्वारा जिसमें वह अथवा उसके साझेदार, साझेदार है के द्वारा प्राप्त अंकेक्षण तथा अन्य सेवाओं के लिए जिसे उसी प्रबंधन के अंतर्गत एक अथवा अधिक ग्राहक अथवा कंपनियों द्वारा प्राप्त फीस उपरोक्त संर्दभित फर्म, फर्मो अथवा साझेदार की सकल वार्षिक फीस का 40% से अधिक नहीं है।

एक ही प्रबंधन वाली कंपनी का अर्थ वही है जो कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 370 (1 – B) में प्रदान, में परिभाषित है।

प्रदान किया गया है कि एक सदस्य की सकल वार्षिक फीस की ऐसी सीमा सार्वजनिक उपक्रम, राष्ट्रीयकृत बैंक, सार्वजनिक वित्तीय संस्था अथवा वहां पर लागू नहीं होगी जहॉ पर नियुक्ति सरकार द्वारा की जाती है ?

Revision

प्रथम अनुसूची

देखे धारा 21 (3), 21 A (3) तथा धारा 22

वाक्यांश	भाग I सदस्य जो प्रैक्टिस में है	भाग II जो सेवा में है।	भाग III सभी सदस्यों के लिये	भाग IV सभी सदस्यों के लिये
01.	चार्टड लेखाकार के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति को अपने नाम में प्रेक्टिस करने के अनुमति देना।	अपने वेतन को किसी अन्य व्यक्ति के साथ बाटना अथवा स्वीकृति देना।	फैलो सदस्य न होते हुए भी फैलो की तरह कार्य करना	अन्य दुर्व्यवहार छः माह से कम की अवधि के लिए फैलों की सजा अथवा जो पेशे को बदनाम करों
02.	अपनी पेशेवर फीस अथवा लाभ को विनिर्दिष्ट व्यक्ति के अतिरिक्त किसी अन्य के साथ बांटना अथवा बांटने के लिए स्वीकृति देना।	किसी अन्य व्यक्ति से लाभ अथवा कमीशन का हिस्सा स्वीकार करना	ICAI के प्राधिकरणों को सुचनाएँ नहीं देना।	
3.	विर्निदिष्ट व्यक्ति के अतिरिक्त किसी अन्य से कमीशन अथवा दलाली प्राप्त करना।		आवश्यक टेण्डर अथवा पूछताछ के लिए किसी व्यक्ति को गलत write up देना।	
4.	विर्निदिष्ट व्यक्ति के अतिरिक्त किसी अन्य के साथ साझेदारी करना।			
5.	विर्निदिष्ट व्यक्ति के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति से सेवाएँ प्राप्त करना।			
6.	विज्ञापन इत्यादि के जरिये			

CA Aseem Trivedi

	क्लाईंट से प्रार्थना करना।			
7.	पेशेवर उपलब्धियों का विज्ञापन करना तथा नाम के पश्चात् विर्निदिष्ट डिगरी के अतिरिक्त			
8.	पिछले अंकेक्षक से पत्र–व्यवहार किए बिना अंकेक्षण स्वीकार करना।			
9.	धारा 224 तथा 225 का पालन किए बिना नियुक्ति को स्वीकार करना।			
10.	लाभ अथवा सम्भाव्य खोजों पर प्रतिशत में फीस चार्ज करना।			
11.	स्वयं को किसी अन्य व्यवसाय में लिप्त करना।			
12.	विर्निदिष्ट व्यक्ति के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति को अपनी ओर से हस्ताक्षर करने की अनुमति देना।			

CA Aseem Trivedi

Revision

द्वितीय अनुसूची

देखे धारा 21 (3), 21 B (3) तथा 22

वाक्यांश	भाग I प्रैक्टिस में सदस्यों के लिये	भाग II	भाग III
1.	अपने पेशेवर नियोजन कार्य के दौरान प्राप्त किसी सूचना की गुप्तता को भंग करता है।	अधिनियम के प्रावधानों विनियोग तथा ICAI द्वारा जारी गाईड लाईन का उल्लंघन करता है।	अन्य दुर्व्यवहार यदि छः माह से अधिक अवधि के लिए सजा योग्य है।
2.	विर्निदिष्ट व्यक्ति के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति द्वारा किए गए कार्य का अपने नाम में प्रमाणित करता है।	सेवा के दौरान प्राप्त गुप्त सूचनाओं को प्रकट करता है।	
3.	यदि भावी अनुमानों की शुद्धता के प्रमाणन पर रिर्पोट करता है।	ICAI के प्राधिकरणों को गलत विवरण देता है।	
4.	ऐसे उपक्रम के वित्तीय विवरणों पर अपनी राय व्यक्त करता है जिसमें उसका उसके साझेदार का अथवा फर्म का हित है।	प्राप्त धन का दुरूपयोग अथवा गबन करता है।	
5.	उन सारवान तथ्यों को प्रकट करने में असफल रहता है जो उसकी जानकारी में थे।		

6.	वित्तीय विवरणों से प्रकट होने वाले उन मिथ्या वर्णनों को रिर्पोट करने में असफल रहता है जो उसकी जानकारी में थे।		
7.	डचित सर्तकता से कार्य नहीं करता है।		
8.	निराधार रिर्पोट करता है।		
9.	सामान्यतः स्वीकृत अंकेक्षण प्रविधियों का पालन नहीं करता है तथा प्रतिवेदन में उसे प्रकट नहीं करता है।		
10.	क्लांइट के धन बताए गए उद्देश्य हेतु उपयोग करने में असफल रहता है।		

सदस्य होने का झूठा दावा करना। (धारा 24)

अधिनियम की धारा 24 यह प्रदान करती है कि यदि एक व्यक्ति जो ICAI का सदस्य नहीं है अपने आपको इंस्टीट्यूट का सदस्य बताता है तथा चार्टड–लेखाकार पद का उपयोग करता है तो उसे प्रथम अपराध के लिए छः माह की सजा के साथ 1,000 रू. तक का जुर्माना से दण्डित किया जा सकता है ? एक व्यक्ति जो अभ्यास में नहीं है स्वयं को अभ्यासरत व्यक्ति के रूप में दर्शाता है। उस पर वही जुर्माना लगाया जाता है। जो ICAI के एक मेम्बर के लिए निर्धारित है। जो प्रेक्टिस करता है अथवा दर्शाता है कि वह प्रेक्टिस में है, भले ही उसने COP प्राप्त न किया हो।

काउंसिल के नाम तथा अनऑथरईज डिग्री का उपयोग करता है।

1. यदि एक व्यक्ति जनता को भ्रम में डालने के लिए ऐसे नाम अथवा कॉमन सील का यूज करता है। जो इंस्टीट्यूट की कॉमन सील अथवा नाम के जैसा होता है।
2. किसी डिग्री डिप्लोमा अथवा प्रमाणपत्र तथा किसी पद का उपयोग करता है जिसका प्रयोजन किसी योग्यता की स्थिति अथवा उपलब्धि को दर्शाता है।
3. किसी भी तरीके से जैसे भी हो चार्टड लेखाकार के पेशे को चलाने की कोशिश करता है तो किसी अन्य कार्यवाही से पक्षपात किये बिना जो उसके विरूद्ध की जा सकती थी तो उसे प्रथम उल्लंघन पर एक हजार रू. तक को जुर्माने से दंडित किया जा सकता है तथा बाद के उल्लंघन पर माह तक कि अवधि के लिये जेल हो सकती है अथवा जुर्माने से दण्डित किया जा सकता है जो 5,000/– रू. तक हो सकता है अथवा दीनों से दण्डित किया जा सकता है।

गैर – अर्हता प्राप्त व्यक्ति प्रपत्रों पर हस्ताक्षर नहीं कर सकता :–

CA Aseem Trivedi

26 के अनुसार, इंस्टीट्यूट के सदस्य के अतिरिक्त कोई भी धारा व्यक्ति एक अभ्यासरत् चार्टड लेखाकार अथवा फर्म की ओर से किसी प्रपत्र पर न तो अपनी व्यक्तिगत क्षमता में हस्ताक्षर कर सकता है और न ही उसकी पेशेवर क्षमता में।

यदि कोई व्यक्ति इस प्रावधान का उल्लंघन करता है तो किसी अन्य कार्यवाही से पक्षपात किये बिना अथवा नुकसान पहुँचाये बिना जो उसके विरूद्ध की जा सकती थी तो उसे प्रथम उल्लंघन पर जुर्माने से दंडित किया जा सकता है जो 5,000 रू. से कम नहीं होगा तथा जिसे 1,00,000/– रू. तक बढ़ाया जा सकता है।

तथा दोबारा अथवा बार–बार करने पर उसे जेल की सजा हो सकती है जिसे 1 साल की अवधि तक बढ़ाया जा सकता है। अथवा जुर्माना लगाया जा सकता है जो 10,000/– रू. से कम नहीं होगा तथा जिसे 2,00,000/– रू. तक बढ़ाया जा सकता है अथवा दोनों से दंडित किया जा सकता है।

CA Aseem Trivedi